
प्रेरणास्त्रोत: स्व. डॉ. एलसी वालिया

@haryanavatika www.haryanavatika.in @haryanavatika @haryanavatika

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# हरियाणा वाटिका

लोहारू से प्रकाशित

सोच बिल्कुल निष्पक्ष

RNI No-HARHIN/2019/79021 वर्ष : 06, अंक: 109 पृष्ठ: 08, मूल्य: रू. 1.00 सोमवार, 17 फरवरी 2025 haryanavatika@gmail.com +91-9255149495

# भगदड़: सामान ढोने वाले ठेले से ढोए शव...

## राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित सभी प्रमुख हस्तियों ने मरने वालों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की

**नई दिल्ली/हरियाणा वाटिका एजेंसी**

**नई दिल्ली** रेलवे स्टेशन पर प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों में भीड़ के कारण शनिवार रात अचानक भगदड़ मच गई। हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई। वहीं 12 घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। भारतीय रेलवे की तरफ से मृतक परिजनों की आर्थिक मदद की घोषणा की गई है। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित सभी प्रमुख हस्तियों ने मरने वालों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। शनिवार रात नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 12, 13, 14, 15 और 16 पर भारी भीड़ के कारण यह हादसा हुआ। दिल्ली पुलिस ने 18 लोगों की मौत की पुष्टि की है जिनमें 14 महिलाएं हैं। एलएनजेपी अस्पताल में 15 और लेडी हार्डिंग अस्पताल में 3 लोगों को मृत घोषित किया गया।

**मृतकों की पहचान हुई**

बक्सर बिहार निवासी आहा देवी (79) , संगम विहार दिल्ली निवासी पिंकी देवी (41), सरिता विहार निवासी शीला देवी (50), बवाना दिल्ली निवासी व्योम (25), बिहार निवासी पूनम (40), बिहार निवासी ललिता देवी (35), मुजफ्फरपुर बिहार निवासी सुरुचि (11), समस्तीपुर बिहार निवासी कृष्णा देवी (40) समस्तीपुर बिहार निवासी विजय साह (15), वैशाली बिहार निवासी नीरज (12), नवादा बिहार निवासी शांति देवी (40), नवादा बिहार निवासी पूजा (8), भिवानी हरियाणा निवासी संगीता मलिक (34), महावीर एन्क्लेव निवासी पूनम (34), नांगलोई दिल्ली निवासी ममता झा (40), सागरपुर दिल्ली निवासी रिया सिंह (7), बिजवासन दिल्ली निवासी बेबी (24) और नांगलोई दिल्ली निवासी मनोज (47) के रूप में हुई है। आर्थिक मदद की घोषणाभारतीय रेलवे ने मृतक परिजनों के लिए आर्थिक मदद की घोषणा की है। प्रत्येक मृतक परिजन को 10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को ढाई लाख और मामूली रूप से जख्मी लोगों को एक-एक लाख की आर्थिक सहायता दी जाएगी। राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री ने जताया शोकराष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मृतकों के प्रति शोक व्यक्त करते हुए कहा- नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में लोगों की मौत के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करती हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए एक्स पर पोस्ट में लिखा- नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ से व्यथित हूं। मेरी संवेदनाएं उन सभी के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल शीघ्र स्वस्थ हों। अधिकारी उन सभी लोगों की सहायता कर रहे हैं जो इस भगदड़ से प्रभावित हुए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पोस्ट में लिखा- दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। घायलों को हर संभव इलाज दिया जा रहा है।

मैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए लिखा- नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से विनाशकारी खबर। रेलवे प्लेटफॉर्म पर भगदड़ के कारण लोगों की मौत से मैं बेहद दुखी हूं। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना को हृदयविदारक बताते हुए एक्स पर लिखा- नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हादसे में हुई जनहानि अत्यंत दुःखद एवं हृदयविदारक है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को सद्गति, शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दुःख सहन करने की शक्ति एवं घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें। ।

**चश्मदीदों के बयान...:**

पुलिस ने कहा- जान बचानी है तो लौट जाओः प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि स्टेशन पर इतनी भीड़ थी कि पैर रखने की जगह नहीं थी। ट्रेन में लोग ठूंसे हुए थे। चुनिंदा पुलिस वाले दिख रहे थे। पुलिस वाले लोगों से बोल रहे थे कि जान बचानी है तो लौट जाइए। आप लोगों के पैसे नहीं गए हैं। आपकी जान बची है।

**कन्फर्म टिकट वाले भी डिब्बे में नहीं घुस सके**

प्रयागराज जा रहे प्रमोद चौरसिया बताया कि मेरे पास पुरुषोत्तम एक्सप्रेस के स्लीपर का टिकट था। लेकिन इतनी भीड़ थी कि कन्फर्म टिकट वाले भी डिब्बे में नहीं घुस पा रहे थे। वहां इतनी धक्का-मुक्की थी कि हम जैसे-तैसे भीड़ से बाहर निकल सके। प्रत्यक्षदर्शी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि मैं भी प्रयागराज जा रहा था। दो ट्रेनें पहले से ही देरी से चल रही थीं, कुछ रद्द कर दी गई थीं। इसलिए स्टेशन पर बेतहाशा भीड़ थी।





## हमने शवों को एंबुलेंस तक पहुंचाया

**नई दिल्ली:** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 15 फरवरी की रात अफरा-तफरी मच गई, जिसमें अब तक 18 लोगों की मौत हो चुकी है। इस घटना के दौरान कई लोगों ने बेहोश लोगों को ट्रेन के अंदर और भीड़ से बाहर निकाला। सबसे ज्यादा स्टेशन पर मौजूद कुलियों ने लोगों की मदद की। प्रत्यक्षदर्शियों ने इस घटना को लेकर उस वक्त के माहौल को लेकर आंखों देखी सारी बात बताई। एक कुली ने बताया कि 44 सालों में मैंने कभी इतनी भीड़ नहीं देखी। दूसरे कुली ने कहा कि हमने हाथों पर शव ढोए।

**हमने शवों को एंबुलेंस तक पहुंचाया**

स्टेशन पर मौजूद कुली कृष्ण कुमार जोगी ने घटना के बारे में बताते हुए कहा कि प्रयागराज जाने वाली ट्रेन के आने पर भीड़ बढ़ गई थी। फुटओवर पर भारी भीड़ जमा हो गई थी। लोग इतने कसकर भरे हुए थे कि कई लोगों का दम घुटने लगा था। करीब 10 से 15 लोगों ने वहीं अपनी जान गंवा दी। आगे बताया कि मैंने पूरी घटना देखी। हमने शवों को प्लेटफॉर्म नंबर 14 और 15 से एंबुलेंस तक पहुंचाया। भीड़ में दबे लोगों में बच्चे और महिलाएं भी शामिल थीं। जिन्हें भीड़ में सांस लेने में कठिनाई हो रही थी। वहीं दूसरी तरफ भगदड़ मामले पर उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) हिमांशु उपाध्याय ने कहा कि कुछ लोग जो फुटओवर ब्रिज से उतरकर प्लेटफॉर्म नंबर 14 और 15 की ओर सीढ़ियों से आ रहे थे, फिसलकर दूसरों पर गिर गए।

## जनजातीय विरासत को प्रोत्साहित करता है आदि महोत्सव

**नई दिल्ली/हरियाणा वाटिका एजेंसी**

**राष्ट्रपति द्रौप**दी मुर्मु ने रविवार को कहा कि आदि महोत्सव जनजातीय विरासत को प्रस्तुत करने और उसे प्रोत्साहित करने का एक प्रमुख आयोजन है। ऐसे उत्सव, जनजातीय समाज के उद्यमियों, शिल्पकारों और कलाकारों को बाजार से जुड़ने का बहुत अच्छा अवसर प्रदान करते हैं। जनजातीय मामलों के मंत्रालय के तहत भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड) 16-24 फरवरी तक मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम नई दिल्ली में प्रतिष्ठित आदि महोत्सव 2025 का शुभारंभ हो गया। राष्ट्रपति मुर्मु आज मुख्य अतिथि के रूप में इस महोत्सव के उद्घाटन समारोह में शामिल हुईं

## भारत को विकसित बनाने में कपड़ा क्षेत्र का भी होगा बड़ा योगदान: पीएम मोदी

**नई दिल्ली/हरियाणा वाटिका एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था में सदियों से कपड़ा उद्योग की बड़ी भूमिका रही है। वर्तमान में भारत को विकसित बनाने में भी कपड़ा क्षेत्र का बड़ा योगदान रहने वाला है। भारत टेक्स जैसे आयोजन इस क्षेत्र में भारत की स्थिति को मजबूत बना रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित भारत टेक्स-2025 कार्यक्रम को संबोधित कर थे। वैश्विक स्तर का आयोजन 14 से शुरू हुआ था और 17 फरवरी तक चलेगा। भारत टेक्स में 120 से अधिक देश भाग ले रहे हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज भारत दुनिया का छठा सबसे बड़ा कपड़ा और परिधान निर्यातक देश है। भारत का निर्यात 3 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है। अब हमारा लक्ष्य है कि वर्ष 2030 तक हम इसे 9 लाख करोड़ रुपये तक लेकर जाएं। भारत के कपड़ा क्षेत्र की समस्याओं का समाधान और संभावनाओं का सृजन हमारा संकल्प है। इसके लिए हम दूरदर्शी और लम्बे कालखंड के नवाचार पर काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अगले कुछ वर्षों में भारत की कपड़ा रिसाइक्लिंग बाजार 40 करोड़ डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। वैश्विक रिसाइक्लिंग बाजार करीब 7.5 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। अगर हम सही दिशा में आगे बढ़ें, तो भारत इसमें और बड़ा शेयर हासिल कर सकता है।



## महाकुम्भ में डुबकी लगाकर अभिभूत हुईं राज्यपाल

**महाकुम्भनगर/हरियाणा वाटिका एजेंसी**

**तीर्थराज प्रयागराज में म**हाकुम्भ-2025 के महासमागम में रविवार को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। रविवार को उन्होंने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई और महाकुम्भ में सम्मिलित होने के अवसर को उन्होंने विशिष्ट बताया। त्रिवेणी संगम में स्नान के साथ ही बड़े हनुमान मंदिर, अक्षयवट और सरस्वती कूप में विधिवत दर्शन-पूजन व अर्चन किया। महाकुम्भ में डुबकी लगाकर अभिभूत हुईं राज्यपाल ने कहा यह एक अलग प्रकार का दिव्य अनुभव है जो वर्षों तक स्मृतियों में रहेगा। उन्होंने कहा कि डुबकी लगाने के बाद एक विशिष्ट प्रकार का अनुभव हो रहा है जो तीर्थराज प्रयागराज की आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार उनमें कर रहा है।



**योगी सरकार व स्थानीय प्रशासन के प्रयासों को राज्यपाल ने सराहा**

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि तीर्थराज प्रयागराज न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि सारे देश और विश्व की आस्था के केंद्र में है।

ऐसे में, देश-दुनिया से करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु यहां आ रहे हैं। इस सारी व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने के लिए योगी सरकार और स्थानीय प्रशासन बधाई का पात्र है।

उन्होंने प्रयागराज आकर विभिन्न घाटों पर स्नान करने वाले स्नानार्थियों की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि जिस प्रकार सुव्यवस्थित तरीके से लोग स्नान करके अपने गंतव्य स्थलों को जा रहे हैं वह अद्भुत है।

**त्रिवेणी संगम में स्नान कर अक्षयवट, सरस्वती कूप व बड़े हनुमान का किया पूजन-अर्चन**

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल रविवार को प्रयागराज एयरपोर्ट पहुंचीं। एयरपोर्ट से हेलिकॉप्टर के जरिए वह डीपीएस अरैल पहुंचीं जहां रिजर्व्ड हेलिपैड पर उनका हेलिकॉप्टर उतरा। यहां से अरैल घाट से मोटर फ्लोटिंग जेटी के जरिए वह त्रिवेणी संगम पहुंची जहां उन्होंने विधिवत स्नान व पूजन-अर्चन किया। इसके बाद मोटर फ्लोटिंग जेटी के जरिए उन्होंने किला घाट पहुंचकर अक्षयवट का पूजन-अर्चन किया। इसके उपरांत, सरस्वती कूप व बड़े हनुमान मंदिर में भी उन्होंने विधिवत पूजन-अर्चन किया।

## यमुना को स्वच्छ और निर्मल बनाने का अभियान शुरू



**नई दिल्ली/हरियाणा वाटिका एजेंसी**

दिल्ली में यमुना को स्वच्छ और निर्मल बनाने का अभियान शुरू हो गया है। यमुना से रविवार को कचरा उठाने वाले स्किमर, खरपतवार काटने वाली मशीने और ड्रेज यूटिलिटी क्राफ्ट ने सफाई शुरू कर दी है। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने कल मुख्य सचिव और एसीएस (आई एंड एफसी) से मुलाकात करके तुरंत यमुना की सफाई शुरू करने के लिए कहा था। दिल्ली विधानसभा चुनावों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनसभाओं में यमुना को साफ करने का वादा किया था। उपराज्यपाल कार्यालय के अनुसार यमुना की सफाई के लिए चार सूत्रीय रणनीति बनाई गई है। सबसे पहले यमुना नदी की धारा में जमा कचरा, कूड़ा और गाद हटाया जाएगा। इसके बाद नजफगढ़ नाले, सप्लीमेंट्री नाले और अन्य सभी प्रमुख नालों में सफाई अभियान शुरू किया जाएगा। मौजूदा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की क्षमता और उत्पादन के संदर्भ में दैनिक निगरानी रखी जाएगी। इसके बाद करीब 400 एमजीडी सीवर के उपचार की वास्तविक कमी को पूरा करने के लिए नालों आदि पर नए एसटीपी/डीएसटीपी के निर्माण के संदर्भ में एक समयबद्ध योजना बनाई जाएगी और उसे शुरू किया जाएगा। लगभग तीन वर्षों में यमुना को साफ करने का लक्ष्य रखने वाली इस महत्वाकांक्षी योजना के क्रियान्वयन के लिए विभिन्न एजेंसियों और विभागों के बीच निर्बाध समन्वय की आवश्यकता होगी। इसमें डीजेबी, आईएंडएफसी, एमसीडी, पर्यावरण विभाग, पीडब्ल्यूडी और डीडीए शामिल हैं। उपर्युक्त कार्यों की निगरानी साप्ताहिक आधार पर उच्चतम स्तर पर की जाएगी। , दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) को शहर में औद्योगिक इकाइयों द्वारा नालों में अनुपचारित अपशिष्ट के निर्वहन पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया।

## आप ने भगदड़ को लेकर केंद्र सरकार पर किया हमला



**नई दिल्ली/हरियाणा वाटिका एजेंसी**

**आ**म आदमी पार्टी (आआपा) के नेता और सांसद संजय सिंह ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ को भाजपा सरकार और रेलमंत्री पर हमला किया। उन्होंने कहा कि हर बार हादसे के बाद भाजपा सरकार लीपापोती करने में लग जाती है। उन्होंने सवाल किया कि आखिर कब सरकार और रेलमंत्री की जवाबदेही तय होगी। संजय सिंह ने कहा कि देश में जब भी ऐसी कोई घटना होती है, तो भाजपा सरकार की पहली प्रतिक्रिया घटना को दबाने की होती है। इतने सारे लोगों की जान चली गई, फिर भी मौतों की संख्या को कम करके आंक रहे हैं।

म्टाहाकुंभ में भगदड़ की घटना के दौरान भी यही हुआ। उन्होंने कहा कि शनिवार की घटना के बाद भी रेल मंत्री स्थिति को स्वीकार करने को तैयार नहीं थे। दिल्ली के उपराज्यपाल ने पहले इस घटना के बारे में एक्स पर पोस्ट किया था, लेकिन बाद में उन्होंने अपने पोस्ट को एडिट कर दिया।

उन्होंने कहा कि रेलवे प्रशासन की बदइंतजामी और निष्क्रियता की वजह से इतना बड़ा हादसा हुआ। मृतकों की सही संख्या अभी तक सामने नहीं आई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार मृतकों की संख्या छिपाने के लिए लाशों के पास सुरक्षा कड़ी कर रही है।

उन्होंने कहा कि सरकार की लापरवाही या निष्क्रियता से होने वाले हादसे के बाद सबसे पहले हादसे को लेकर लीपापोती होती है। सरकार ऐसे हादसों पर लीपापोती बंद कर उनको रोकने के लिए ईमानदार से प्रयास करें। संजय सिंह ने कहा कि मरना हमारी नियति बन गई है। कभी नोटबंदी के बाद लाइन में मरना है। कभी करोना की महामारी में मरना है।

## महाकुम्भ की व्यवस्थाओं को लेकर संत गदगद

**महाकुम्भनगर/हरियाणा वाटिका एजेंसी**

**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ रविवार को प्रयागराज स्थित महाकुम्भ नगर पहुंचे, यहां उन्होंने विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया और साधु संतों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने यहां जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरी से भेंट कर महाकुम्भ की व्यवस्थाओं पर चर्चा की। इसके बाद वे सदाफल आश्रम स्थित स्वर्वेद महामंदिर ट्रस्ट पहुंचे, जहां उन्होंने साधु-संतों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने संत समाज के साथ संवाद कर महाकुम्भ की व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया और संतों ने योगी सरकार की तैयारियों की सराहना की। मुख्यमंत्री सेक्टर 21 में प्रसिद्ध कथावाचक प्रदीप मिश्रा की कथा में शामिल हुए। यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिन्होंने मुख्यमंत्री का स्वागत किया।



इसके बाद वे सेक्टर 18 स्थित प्रभु प्रेमी संघ अंबाला शिविर पहुंचे, जहां संतों का सानिध्य प्राप्त किया। महाकुम्भ 2025 का यह आयोजन 144 वर्षों के पुण्य संयोग में हो रहा है, जिसमें अब तक करीब 52 करोड़ श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में पुण्य की डुबकी लगा चुके हैं। दिव्य और भव्य महाकुम्भ की सराहना न केवल देशभर के श्रद्धालु कर रहे हैं बल्कि विदेशी पर्यटक भी इसकी भव्यता से प्रभावित हुए बिना नहीं रह पा रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रद्धालुओं और साधु-संतों से संवाद करते हुए कहा कि सरकार ने महाकुम्भ की व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए हर प्रयास किए हैं।

उन्होंने संत समाज और श्रद्धालुओं को आश्वस्त किया कि आने वाले समय में भी धार्मिक आयोजनों को इसी भव्यता और दिव्यता के साथ संपन्न किया जाएगा।

## उत्तराखंड बजट सत्र की तैयारियां तेज

**देहरादून/हरियाणा वाटिका एजेंसी**

**उत्त**राखंड विधानसभा का बजट सत्र पहली बार नेशनल ई-विधान एप्लिकेशन (ई-नेवा) के तहत संचालित होने जा रहा है। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने अधिकारियों संग बैठक कर सुरक्षा और व्यवस्थाओं की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। सत्र अवधि में विधानसभा भवन में नियुक्त करने का निर्देश दिए हैं। इंटरनेट सेवा में सुधार के लिए विधानसभा सचिवालय को निर्देश दिए गए कि नेटवर्क की बैंडविड्थ स्पीड बढ़ाई जाए और इंटरनेट सेवा प्रदाता कंपनियों के प्रतिनिधियों सत्र के दौरान विधानसभा भवन में मौजूद रहें। साथ ही, पूरे विधानसभा परिसर में वाई-फाई की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। विधानसभा अध्यक्ष ने बजट सत्र की सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर शासन, पुलिस और विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी तरह की चूक न हो। विधानसभा अध्यक्ष ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सत्र के दौरान प्रवेश पत्र के बिना विधानसभा परिसर में वाहन लाने की अनुमति नहीं होगी।

इसके अतिरिक्त, विधायकों की संस्तुति पर एक आगंतुक को और मंत्रियों की संस्तुति पर दो आगंतुकों को प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे।

## खाली कागजातों पर हस्ताक्षर लेकर करवाया लोन, केस दर्ज

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 16 फरवरी।** गांव पन्नीवाला मोटा निवासी व्यक्ति के हस्ताक्षरों का इस्तेमाल कर लोन लेने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज किया है। जिन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है, उनमें संदीप डूडी निवासी गांव पन्नीवाला मोटा, ब्रहमपाल निवासी गली कबीर स्कूल वाली प्रेमनगर, सिरसा व रमेश निवासी फतेहाबाद शामिल है।

पुलिस को दी शिकायत में गांव पन्नीवाला मोटा निवासी हरपत राम ने बताया कि उसके पास कुछ दिन पूर्व विशाल श्योकंद जेएमआईसी सिरसा की कोर्ट से एक सम्मन आया, जिसमें पता चला कि उसके नाम पर श्रीराम सिटी यूनियन फाइनेंस लिमिटेड से एक लोन चल रहा था। किश्त न भरने के चलते कंपनी ने कोर्ट में केस डाला हुआ था। वह अपनी बेटी के साथ उक्त फाइनेंस कंपनी में गया, जहां पूछताछ पर पता चला कि उसके नाम एक बाइक का लोन हुआ है। हालांकि उन्होंने फाइनेंस कंपनी अधिकारियों से किसी भी लोन बाबत इंकार किया तो उन्होंने कागजात दिखाए, जिस पर उसके हस्ताक्षर थे। इस पर उसने तुरंत संदीप से संपर्क किया तो उसने कहा कि अभी तो दो ही लोन लिए है आगे-आगे देखते जाओ। खाली कागजों पर हस्ताक्षर के साथ-साथ चैक भी मेरे पास पड़े है मुझे अपने सभी शौक पूरे करने है। लोन तो तुम्हें ही भरना पड़ेगा। पीड़ित ने बताया कि संदीप ने पहले भी उसे विश्वास में लेकर एक ट्रैक्टर उसके नाम एचडीएफसी बैंक से लोन पर ले लिया था। जिस संबंधी उसने एक दरखास्त थाना ओढां में लगाई थी और आरोपी ने थाने में माफी मांगते हुए लोन सेटलमेंट कर दिया था। पुलिस ने जांच के बाद पीड़ित की शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## 12 जुआरी 2.38 लाख की जूआराशि सहित काबू

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 16 फरवरी।** सीआईए ऐलनाबाद पुलिस ने गश्त के दौरान नजदीक रेस्ट हाउस चतरगढ़ पट्टी रोड सिरसा क्षेत्र में जुआ खेल रहे 12 लोगों को काबू कर उनके कब्जा से 2 लाख 38 हजार 410 रुपए की जूआराशि व ताश बरामद की है।

सीआईए ऐलनाबाद प्रभारी सब इंस्पेक्टर जगदीश चंद्र ने बताया कि सीआईए ऐलनाबाद की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान चतरगढ़ पट्टी रोड सिरसा क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस पार्टी को महत्वपूर्ण सूचना मिली कुछ लोगों द्वारा रेस्ट हाउस के नजदीक चतरगढ़ पट्टी रोड क्षेत्र में स्थित एक जगह पर जुआ खेला जा रहा है। पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर दबिश देकर 12 लेगों को जुआ खेलते हुए 2 लाख 38 हजार 410 रुपए की जुआ राशि व ताश की गड्डी के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान गोपाल दास पुत्र लक्ष्मण निवासी ढाणी रामपुरा, हैप्पी पुत्र जोगेंद्र सिंह निवासी वार्ड नंबर एक रानियां, कैलाश पुत्र बलवंत सिंह निवासी भगत सिंह कॉलोनी सिरसा, वीरेंद्र पुत्र हरिश्चंद्र निवासी वार्ड नंबर 9 फ्रेंड्स कॉलोनी सिरसा,मोनू पुत्र हरि निवासी खन्ना कॉलोनी सिरसा, कृष्ण दास पुत्र अमरनाथ निवासी संगर साधा, बृजा राम पुत्र पूसाराम निवासी जंडी वाली गली रानिया रोड सिरसा, सुभाष पुत्र सुरजीत सिंह निवासी शेखुपुरिया,प्रवीण पुत्र खजान सिंह निवासी शाहिदावाली, जिला फतेहाबाद, हैप्पी पुत्र राजेंद्र निवासी खारिया,विनोद कुमार पुत्र नंदलाल निवासी पंजुआना, सरप्रीत सिंह सिंह पुत्र सुखचैन सिंह निवासी वेदवाला जिला सिरसा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में जुआ अधिनियम के तहत थाना सिविल लाइन सिरसा में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## पशुधन चोरी के चार आरोपी काबू

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 16 फरवरी।** सीआईए ऐलनाबाद पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए गांव तलवाड़ा खुर्द क्षेत्र में स्थित एक घर में बने बाड़े से 5 बकरियां चोरी करने के मामले में चार युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

सीआईए ऐलनाबाद प्रभारी सब इंस्पेक्टर जगदीश चंद्र ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान बजरंग पुत्र कुंभाराम, मनोज पुत्र कुंदन लाल, विनोद कुमार पुत्र साहब राम व रामू पुत्र रतनलाल निवासी वार्ड नंबर 24 रावतसर जिला हनुमानगढ़ राजस्थान के रूप में हुई है। उन्होंने बताया की भोजा राम पुत्र बालू राम निवासी टिब्बा दया सिंह थेहड गांव तलवाडा खुर्द तहसील ऐलनाबाद जिला सिरसा ने पुलिस को दी शिकायत में बतलाया की बीती 9 फरवरी की रात्रि के समय अज्ञात लोगों द्वारा बाड़े से पांच बकरियां को चोरी करके ले गए थे। उन्होंने बताया कि शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ पशुधन चोरी का अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। उन्होंने बताया कि ऐलनाबाद सीआईए की एक पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को काबू कर लिया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों से पूछताछ कर उनकी निशानदेही पर चोरीशुदा संपत्ति व वारदात में प्रयुक्त गाड़ी बरामद कर ली है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

## जान से मारने की धमकी के मामले में फरार आरोपी दबोचा

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 16 फरवरी।** विभिन्न मामलों में वांछितों व भगौड़ों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रविवार को एएनसी स्टाफ डबवाली की टीम ने दुष्कर्म व पॉक्सो अधिनियम तथा जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपी कृष्ण सिंह निवासी ढाणी शेखपुरा बठिंडा पंजाब को गिरफ्तार किया है।

एएनसी स्टाफ प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि बीती 19 जनवरी 2019 को गांव डबवाली निवासी महिला ने शिकायत दी थी कि उसकी आरोपी द्वारा उसकी पुत्री के साथ दुष्कर्म करने व जान से मारने की धमकी दी है। इस पर पुलिस ने केस दर्जकर जांच आरंभ की थी और वह पिछले छह साल से फरार चल रहा था। पुलिस ने अब इस मामले में आरोपी को पकड़ लिया है और उसे अदालत में कल पेश किया जाएगा।

## सिरसा के होनहारों ने टेनिस टूनार्मेंट में किया शानदार प्रदर्शन

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**



**सिरसा, 16 फरवरी।** फरीदाबाद में बीती 10 फरवरी से 14 फरवरी तक आयोजित ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन चैंपियन सीरीज-7 टेनिस टूनार्मेंट में सिरसा के दो होनहारों ने शानदार प्रदर्शन कर जिले को गौरवान्वित किया है। कोच रेशम सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में नेजाडेला कलां स्कूल की छात्रा आविका श्योराण अंडर-14 गर्ल्ज में विजेता बनी, जबकि अनाजमंडी स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय का छात्र सुखलीन शर्मा अंडर-12 में उपविजेता रहा। कोच रेशम सिंह ने बताया कि फिलहाल दोनों खिलाड़ी उनके मार्गदर्शन में शहीद भगत सिंह स्टेडियम में प्रशिक्षण ले रहे हैं। उन्होंने दोनों खिलाडि?ों को शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि दोनों खिलाड़ी काफी प्रतिभावान हैं और खेल के प्रति पूरी तरह समर्पित हैं। वहीं दोनों खिलाडि?ों ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी मेहनत, कोच रेशम सिंह के मार्गदर्शन व अभिभावकों द्वारा किए गए प्रोत्साहन को दिया।

# लिवगार्ड ने कृषिदर्शन एक्सपो में दिखाया ऊर्जा का नया भविष्य

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**हिसार, 16 फरवरी।** एसएआर ग्रुप की प्रमुख कंपनी लिवगार्ड ने सिरसा रोड पर ट्रेक्टर ट्रेनिंग सेंटर में चल रहे 13वें कृषिदर्शन एक्सपो में अपनी नवीनतम बैटरी और सौर ऊर्जा तकनीकों का प्रदर्शन किया। ट्रक, ट्रैक्टर, ई-रिक्शा और कार बैटरियों के साथ 360 डिग्री सौर ऊर्जा समाधान प्रस्तुत कर कंपनी ने कृषि और ऑटोमोबाइल क्षेत्र में नई संभावनाएँ खोलीं।

एसएआर ग्रुप के संस्थापक राकेश मल्होत्रा ने कहा कि कृषि और ऑटोमोबाइल क्षेत्रों की ऊर्जा आवश्यकताओं को देखते हुए, लिवगार्ड उच्च-प्रदर्शन बैटरियों और सौर ऊर्जा समाधानों के माध्यम से ऊर्जा स्वतंत्रता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

एसएआर ग्रुप के प्रवक्ता के अनुसार लिवगार्ड की बैटरियाँ अधिक टिकाऊ, तेज स्टार्टिंग और भारी लोड क्षमता वाली हैं, जो विभिन्न वाहनों के लिए उपयुक्त हैं। वहीं, 360 डिग्री सौर ऊर्जा समाधान के तहत कंपनी ने




मूल्यांकन, स्थापना और रखरखाव की संपूर्ण सेवाएँ पेश कीं, जिससे सिंचाई पंप, लाइटिंग और अन्य आवश्यकताओं के लिए किफायती और टिकाऊ ऊर्जा समाधान उपलब्ध हो सके। ऑन-ग्रिड, ऑफ-ग्रिड और हाइब्रिड सिस्टम के साथ ये समाधान 10% अधिक ऊर्जा उत्पादन क्षमता प्रदान करते हैं। ट्रैक्टर बैटरियाँ 48 माह की वारंटी, वाइब्रेशन प्रतिरोध और उन्नत हाइब्रिड प्रणाली से युक्त हैं, जबकि ट्रक बैटरियाँ लंबी उम्र, कम रखरखाव और हर मौसम में उच्च स्टार्टिंग पावर सुनिश्चित करती हैं। ई-रिक्शा बैटरियाँ ट्यूबुलर तकनीक के साथ अधिक टिकाऊ हैं, वहीं कार बैटरियाँ स्टॉप-स्टार्ट वाहनों के लिए उपयुक्त हैं, जो तेज रिचार्जिंग और उच्च ऊर्जा दक्षता प्रदान करती हैं। नवाचार और स्थिरता के प्रति समर्पित लिवगार्ड, ऑटोमोटिव बैटरियों, इन्वर्टर और सौर ऊर्जा समाधान उपलब्ध कराता है। 1988 में राकेश मल्होत्रा और नवीन कपूर द्वारा स्थापित एसएआर ग्रुप, ऊर्जा और जल शुद्धिकरण के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

# शाइनिंग इंडिया फाउंडेशन द्वारा लगाए गए मेगा फ्रीमेडिकल कैंप में उमड़ा जनसैलाब

### 1500 से अधिक मरीजों का एम्स के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों ने किया 9 से अधिक बीमारियों का चेकअप

**हरियाणा वाटिका/विकास कुमार**

**कैथल, 16 फरवरी।** शाइनिंग इंडिया फाऊंडेशन फॉर ग्लोबल वेलफेयर (रजि.) द्वारा आरकेएसडी कॉलेज में लगाए गए मेगा फ्री हेल्थ चेकअप कैंप में जन सैलाब उमड पड़ा। सुबह 8 बजे से ही भारी संख्या में मरीज रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए कॉलेज परिसर में पहुंच चुके थे जहां पर शाइनिंग इंडिया की टीम तथा पैरामेडिकल स्टाफ के सदस्यों ने उनका रजिस्ट्रेशन किया । दोपहर 3 बजे तक चले मेगा मेडिकल हेल्थ कैंप में 1500 से अधिक मरीजों की कान, नाक, गला, चमडी, हृदय, हड्डी रोग, स्त्री रोग दंत रोग आदि रोग का इलाज एम्स के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की विशेषज्ञ टीम द्वारा किया गया। कैंप के दौरान जहां दवाइयां निःशुल्क वितरित की गई वहीं अन्य टेस्ट, ईसीजी भी किए गए । कैंप में मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डीएसपी हेडक्वार्टर कैथल वीरभान तथा डीएसपी कुरुक्षेत्र रोहतास कुमार मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान गरिमामयी उपस्थिति पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर, आरकेएसडी प्रधान अश्विनी शोरेवाला, समाजसेवी बहादुर सैनी, भाजपा नेता अरुण



सराफ की रही। सभी ने दीप प्रज्वलित कर कैंप की शुरूआत की। अपने संबोधन में चेयरपर्सन सुरभि गर्ग सहित अन्य वक्ताओं ने कहा की शाइनिंग इंडिया फाउंडेशन द्वारा लगाए गए आज के मेडिकल कप में आमजन को बहुत फायदा मिला तथा उन्हें एम्स के डॉक्टर द्वारा सही परामर्श मिला जिससे कि उनको आगे अपना इलाज करवाने में परेशानी नहीं होगी द्य सभी अतिथियों ने शाइनिंग इंडिया टीम को मेडिकल कैंप के सफल आयोजन पर बधाई दी । अपने संबोधन में मेडिकल कैंप के प्रोजेक्ट डायरेक्टर चेयरमैन गौरव मितल अधिवक्ता, महासचिव डॉक्टर विजय कंसल, उप प्रधान लविश मित्तल सहित अन्य फाउंडर सदस्य सुशील बंसल, पंकज बंसल, निशांत खुरानिया, देवेंद्र गोयल, सुनील चुघ, डॉ अतुल चानना ने बताया कि आज का मेडिकल कैंप जिले में लगने वाला पहला मेडिकल कैंप था जिसमें की हजारों की संख्या में निःशुल्क इलाज मरीजों का एक ही छत के नीचे एम्स के सुपर स्पेशलिस्ट 9 डॉक्टरों द्वारा किया गया हो और आम जनमानस को पूरा फायदा मिला । उन्होंने कहा कि शाइनिंग इंडिया की पुरे सदस्यों के सहयोग से मेगा मेडिकल कैंप बेहद सफल रहा तथा भविष्य में भी ऐसे प्रोजेक्ट लगाते रहे जाएगें। इस अवसर पर शाइनिंग इंडिया फाउंडेशन के प्रमुख कार्यकारिणी सदस्य जयदीप चौधरी, साकेत मंगल, शिवनारायण गोयल, सुरेंद्र जैन, रामनिवास मित्तल, प्रवीण गुप्ता, अनिल खुरानिया, प्रवीण जैन, राजेश गोयल, राहुल खुरानिया, ललित गर्ग, कृष्ण मित्तल, रोहन मित्तल, दीपक गर्ग राजीव चौधरी, संजीव चौधरी, राजेश गर्ग, पंकज शोरेवाला, ब्रिज गोयल, विनय बंसल, सुनील गर्ग, अंकुश, भरत सहित भारी संख्या में शाइनिंग इंडिया फाउंडेशन के कार्यकारिणी सदस्य मौजूद थे ।

**इन एम्स के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों तथा शाइनिंग इंडिया फाउंडेशन को मरीजों ने दी दिल से दुआएं**

मेगा कैंप में डॉ. यश मित्तल (कान, नाक गला सुपर स्पेशलिस्ट ), डॉ. अरनव अग्रवाल (डीएम, पेट रोग संबंधित), डा. दमनदीप सिंह (डीएम कार्डियोलॉजी), डॉ नवदीप कौर एमडी, डॉ इफ्तिखार खान (चमड़ी रोग विशेषज्ञ), डा. अनुरिमा दत्ता (एमडीएस), डॉ अक्षिता कंबोज (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डा. क्षितिज गुप्ता (हड्डी रोग विशेषज्ञ) तथा डॉक्टर रूपल पेरीवाल (एमडी मेडिसिन) एम्स दिल्ली मौजूद रही जिन्होंने भारी संख्या में उपस्थित मरीजों को चेकअप किया । सबसे खास बात यह रही कि मरीजों ने दिल से शाइनिंग इंडिया फाउंडेशन तथा चिकित्सकों को दुआएं देते हुए कहा कि उन्हें आज सही मायने में परामर्श मिला है जिसका कि उन्हें अपना सही ढंग से इलाज करवाने में काफी मदद मिली है

## कुस्सर स्कूल में स्टेम मेले का आयोजन



**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 16 फरवरी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुस्सर में स्टेम मेले का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया और अपने अपने माडल प्रदर्शित किए।

स्कूल के प्रधानाचार्य राज कुमार अरोड़ा ने स्टाफ सदस्यों के साथ मेले का अवलोकन किया और विद्यार्थियों को बताया कि इस तरह की प्रतियोगिता में भाग लेने से विद्यार्थियों में पाई जाने वाली प्रतिभा का विकास होता है और जिंदगी में आगे बढ? की प्रेरणा भी मिलती है। इस अवसर पर स्टाफ सदस्य नवदीप कुमार, अर्चना, रचना, मीनू मेहता, पवन कुमार, मदन लाल और राजवीर मौजूद थे।

## ब्रह्माकुमारीज सेक्टर 44 ने हर्षोल्लास और श्रद्धाभाव से मनाया महाशिवरात्रि पर्व



**हरियाणा वाटिका/प्रवीण कुमार**

**चंडीगढ़, 16 फरवरी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज की सेक्टर 44 शाखा द्वारा आज महाशिवरात्रि का पर्व हर्षोल्लास और श्रद्धाभाव से मनाया गया। ब्रह्मकुमारी कविता दीदी ने इस मौके उपस्थित सभी सदस्यों को भगवा- शिव के अवतार, ज्योतिर्लिंग और उनके उपदेश के बारे में बताया। इस अवसर पर चंडीगढ़ व्यापार मंडल के वरिष्ठ लीडर अनिल वोहरा और एरिया पार्षद जसमनजीत सिंह भी मौजूद थे।

ब्रह्मकुमारी कविता दीदी ने इस अवसर पर आध्यात्मिक उपदेश के साथ साथ सभी को मैडिटेशन का न केवल महत्व भी बताया, बल्कि मैडिटेशन का अभ्यास भी करवाया। वही इस मौके नाटिका के माध्यम से आधुनिक भ्रांति एवं भम्र मिटाकर राजयोग का महत्व बताया। इसके साथ साथ कुछ अन्य बच्चों ने भजन गायन और नृत्य से भगवान शिव के स्वरुप पर प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

शिल्पी दीदी ने जीवन में सत्यता को अपनाकर शांतिमय हृदय और साक्षीभाव जगाकर क्षमा का महत्व बताया और सभी को मन में छोटी छोटी बातें भुला कर क्षमादान के लिए प्रेरित किया।

# अमेरिका से डिपोर्ट होकर आया युवक पोक्सो मामले में गिरफ्तार, भेजा जेल

### वर्ष 2022 मे नाबालिग लड़की के साथ की थी छेड़खानी

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 16 फरवरी।** अमेरिका से डिपोर्ट होकर भारत वापस आए भारतीयों में पिहोवा वासी एक आरोपी को जिला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना शहर पिहोवा पुलिस टीम ने रात को अमेरिका से डिपोर्ट होकर आए पिहोवा वासी साहिल वर्मा को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक वरूण सिंगला ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2022 मे कस्बा पिहोवा वासी एक नाबालिग लड़की ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि साहिल वर्मा वासी पिहोवा ने



शहर पेहवा मे उसका रास्ता रोककर उसके साथ छेड़खानी करने व जान से मारने की धमकी दी थी। लड़की की शिकायत पर थाना शहर पिहोवा में मामला दर्ज किया गया था। मामला दर्ज होने के बाद साहिल वर्मा अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए 4-5 दिन के बाद वह एजेन्ट के माध्यम से विदेश अमेरिका चला गया था।

उसने विदेश जाने के लिए एजेन्ट को 38 लाख रुपए दिए थे। साहिल वर्मा इटली मे करीब 2 साल तक रहा उसके बाद एजेन्ट के माध्यम से साहिल वर्मा डोंकी के रास्ते से अमेरिका बार्डर पार करके अमेरिका चला गया था। अमेरिका पहुंचा तो वहां की पुलिस ने साहिल वर्मा को गिरफतार कर लिया। रात को अमृतसर हवाई अड्डे पर सैन्य विमान गैर तरीके से अमेरिका बार्डर करके रह रहे भारतीयों को लेकर अमृतसर एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। अमृतसर हवाई अड्डे पर पहले से मौजूद थाना शहर पिहोवा प्रभारी उप निरीक्षक जान पाल की देखरेख में महिला एएसआई रेणु व उप निरीक्षक शमशेर सिंह की टीम ने साहिल वर्मा को अमृतसर हवाई अडडे से काबू करके गिरफतार कर लिया। आरोपी को अदालत मे पेश करके माननीय अदालत के आदेशानुसार जेल भेज दिया।

## स्वच्छता अभियान चलाया



**हरियाणा वाटिका/प्रवीण कुमार**

**चंडीगढ़, 16 फरवरी।** हिमाचल महासभा पंजीकृत चंडीगढ़ द्वारा रविवार सुबह 8:00 बजे से 11:00 तक तकरीबन 3 घंटे सेक्टर 36 मार्केट में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें हिमाचल महासभा के सदस्यों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया तथा पूरे सेक्टर को मार्केट से लेकर पार्क तक अच्छी तरह सभी के सहयोग से सफाई की गई। सफाई अभियान में हिमाचल महासभा पंजीकृत चंडीगढ़ के प्रधान पृथी सिंह प्रजापति के अलावा चंडीगढ़ के सीनियर ड्यूटी मेयर जसवीर सिंह बंटी, एवं विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष अधिवक्ता अरविंद मोदगिल, पैटर्न मेंबर के. एल. देओल, मनोहर लाल धीमान सभा के महासचिव भागीरथ शर्मा, सचिव सचिन रायजादा, उप प्रधान रमेश सोहर, उप प्रधान संजीव कुमार, वित्त सचिव देसराज चौधरी, मुख्य सलाहकार एम. एल. राणा, सलाहकार संतोष भारद्वाज, संयुक्त सचिव एवं स्वच्छता अभियान के कन्वीनर सुरेंद्र शर्मा, संयुक्त महासचिव रोशन भारद्वाज, आईटी सचिव शिशुपाल, खेल सचिव संजीव शर्मा, राकेश मनकोटिया सी. ए. सम्मानित सदस्य एच. एल. चौधरी अशोक कपिला, अधिवक्ता मनजीत पठानिया, यूथ प्रधान साहिल राणा, सदस्य रोशन लाल शर्मा, देशराज चौधरी, रेखा शर्मा, रजनी ठाकुर के अलावा अन्य कई सम्मानित सदस्य एवं अन्य सदस्य स्वच्छता अभियान में मौजूद रहे। अंत में सभा के सम्मानित सदस्य एवं विश्व हिन्दू परिषद के अध्यक्ष अधिवक्ता अरविंद मोदगिल जी ने सभी आए हुए सदस्यों को जलपान करवाया तथा सभा के प्रधान पृथ्वी सिंह प्रजापति जी ने आए हुए सभी सदस्यों का सहयोग के लिए धन्यवाद किया, और साथ में ही महासभा द्वारा किए जाने वाले अगले कार्य 6 अप्रैल को नया विक्रम संवत एवं नए साल के कैलेंडर का विमोचन तथा 11 अप्रैल को हिमाचल दिवस मनाने के बारे में अवगत कराया।

# जिगली ने आयोजित किए क्यू-पिड गेम्स, देश भर में मनाया पॉफेक्ट वैलेंटाईन

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**गुरुग्राम, 16 फरवरी।** ओमनीचैनल पैट केयर ब्राण्ड जिगली ने विशेष कार्यक्रम पॉफेक्ट वैलेंटाईन के साथ वैलेंटाईन डे का जश्न मनाया, पैट्स और उनके पैरेंट्स के बीच के रिश्ते को मजबूत बनाने के लिए इस खास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य शहरों के 14 जिगली एक्सपीरिएंस सेंटरों में आयोजित इस कार्यक्रम ने पैट पैरेंट्स को यादगार अनुभव प्रदान किया। 400 से अधिक पैट पैरेंट्स ने अपने पैट्स के साथ इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

स्पेशल एडीशन क्यू-पिड गेम्स दो घण्टे तक चले, इस कार्यक्रम का आकर्षण केन्द्र बन गए, जिसके तहत पैट्स और उनके पैरेंट्स के बीच के रिश्ते को मजबूत बनाने के लिए पांच गेम्स आयोजित किए गए- रैड लाईट, ग्रीन ट्रीट, कुकी फेस ऑफ, टग ऑफ लव, क्युपिड्स लीप और फेच ओर



फॉरफीट। इन सभी गेम्स ने पैट्स एवं उनके पैरेंट्स को मनारेंजन और मस्ती से भरपूर यादगार अनुभव प्रदान किया। इसके अलावा इस जश्न को रचनात्मक एवं कलात्मक बनाने के लिए जिगली के हर सेंटर में एक प्रोफेशनल स्केच आर्टिस्ट को ऑन-द-स्पॉट लाईव पैट पोर्टेट सैशन करने का मौका मिला।

इस अवसर पर श्री पंकज पोद्दार, ग्रुप सीईओ, कोस्मो फर्स्ट ने कहा, वैलेंटाईन डे प्यार का जश्न है, पैट्स एवं उनके पैरेंट्स के बीच का रिश्ता बिना किसी शर्त के प्यार का बेहरीन उदाहरण है। विभिन्न शहरों में आयोजित इस कार्यक्रम के लिए हमें शानदार प्रतिक्रिया मिली। इस तरह के आयोजनों के माध्यम से हम पैट्स एवं उनके पैरेंट्स के लिए खूबसूरत यादें बनाते हुए उनके अनमोल रिश्ते को मजबूत बनाना चाहते हैं।

यह आयोजन जबरदस्त सफल रहा, जिसने दिल को छू जाने वाले इंटरैक्शन्स, हंसी-मजाक, मस्ती के बीच पैट पैरेंट्स को खूब लुभाया। पैट पैरेंट्स अपने साथ ऐसी यादें लेकर लौटे जिन्हें वे कभी भुला नहीं पाएंगे। क्यू-पिड गेम्स और लाईव पैट पोर्टेट के अलावा उन्हें अपने पैट्स की देखभाल के लिए विशेषज्ञों से सुझाव पाने का मौका भी मिला। हर प्रतिभागी को एक कॉम्पलीमेंटरी गुडी बैग दिया गया, जिसमें जिगली की ओर से खास सरप्राइज दिए गए थे। इसके अलावा टिकट होल्डर्स को एक लकी ड्रॉ कॉन्टेस्ट में हिस्सा लेकर एक्सक्लुजिव पैट हैम्पर जीतने का अवसर भी मिला। इन सभी पहलुओं ने वैलेंटाईन डे के इस जश्न को बेहद आकर्षक बना दिया, जो पैट केयर कम्युनिटी को यादगार अनुभव प्रदान करने की जिगली की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

## दुष्कर्म व पोक्सो अधिनियम के तहत आरोपी गिरफ्तार

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 16 फरवरी।** विभिन्न मामलों में वांछितों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए थाना सदर पुलिस ने दुष्कर्म करने व पॉक्सो अधिनियम के मामले में आरोपी परमिल कुमार निवासी तरकांवाली जिला सिरसा को गिरफ्तार किया है।

# श्री श्याम बगीची धाम का तीसरा स्थापना महोत्सव

## 9वें दिन भजन संध्या एवं भंडारे का आयोजन- तू खाटू बुलाता रहे मैं आता रहूं,... भजन पर झूमे श्रद्धालु







**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 16 फरवरी।** अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम में श्री श्याम सेवा ट्रस्ट की ओर से मंदिर के तीसरे 12 दिवसीय स्थापना महोत्सव के 9वें दिन शनिवार को भजन संध्या एवं भंडारे का आयोजन किया गया। डेरा बाबा भूमण शाह के गद्दीनशीं बाबा ब्रह्मदास महाराज, उड़ीसा के पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशी लाल, मनीष सिंगला श्याम बगीची पहुंचे।
मंदिर के मुख्य सेवक पवन गर्ग ने बताया कि बाबा श्याम का दरबार प्रतिदिन भव्य रुप से सजाया जाता है। शनिवार को आत्म प्रकाश वधवा ने परिवार सहित पूजा अर्चना में भाग लिया। मंदिर के पुजारी राकेश शास्त्री, हितेश शर्मा व ललित शर्मा ने पूजा अर्चना संपन्न करवाई व बाबा श्याम की पावन ज्योत प्रज्जवलित की गई। राजेंद्र गनेरीवाला ने सदैव की भांति गणेश वंदना और हनुमान चालीसा से भजन संध्या का आगाज किया। गनेरीवाला ने भजन- तेरा किसने किया श्रृंगार सांवरे, मेरी पलकों का घर तैयार सांवरे, तू रुक नहीं पाएगा बाबा जब तुम्हें बुलाएगा सहित अनेक भजन प्रस्तुत किए। इसके बाद हनुमानगढ़ से आई श्याम लाडली नेहा शर्मा ने भजन- हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की, तेरी जय जयकार बाबा तेरी जय जयकार सहित अनेक भजन प्रस्तुत किए। बाद में असंध से आए भजन गायक विशाल जुनेजा ने भजन- कीर्तन की है रात, मतलब की दुनिया मुझे तेरी जरुरत है, लहर लहर लहराये रे झंडा बजरंग बली का, मेरा आपकी कृपा स सब काम हो रहा है, यशोदा का नंदलाल जग से निराला सहित अनेक भजनों की प्रस्तुति दी। इसके बाद दिल्ली से आए भजन गायक कृष्णा अग्निहोत्री ने भजन- जाने कब मुझे अपना बनाएगा, आयो सांवरियों सरकार नीलै प चढ़ के, श्याम बाबा तेरे पास आया हूं चरणों में तेरी दरखास लाया हूं, श्याम बाबा का दर मिल गया मुझ बेघर को घर मिल गया, तू खाटू बुलाता रहे मैं खाटू आता रहूं, गलती तेरी है सरकार फागन दिखा दिया इक बार, मैं तो अपने बाबा के द्वार चला रे सहित अनेक भजनों की प्रस्तुति दी जिन पर श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया।

**युवाओं को नशे से दूर रहना चाहिए: बाबा ब्रह्मदास**
डेरा बाबा भूमण शाह के गद्दीनशीं बाबा ब्रह्मदास महाराज श्याम बगीची पहुंचे। श्याम बगीची के सेवादारों ने उनका भव्य स्वागत किया। बाबा ब्रह्मदास महाराज ने बाबा श्याम के चरणों में शीश नवाया। उन्होंने कहा कि श्याम बगीची में आकर बहुत अच्छा लगा। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में लोगों को मंदिर में आना और लंगर का प्रसाद ग्रहण करना अपने आप में बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि सभी को अपने माता-पिता का आदर करना चाहिए, उनका कहना मानना चाहिए। वहीं युवाओं को नशे से दूर रहना चाहिए। समाज के लोग नशे के खिलाफ मिलकर उठाए तो नशे को समाप्त किया जा सकता है। रात को सवा सात बजे बाबा श्याम को भोग लगाकर बाबा श्याम की रसोई का प्रसाद वितरित किया गया। भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम की रसोई का प्रसाद ग्रहण किया।

**मनीष सिंगला ने श्री श्याम बगीची को साइलेंट जनरेटर देने की घोषणा की:**
उड़ीसा के पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशी लाल, मनीष सिंगला, सांरमल गुर्जर, हरपिंद्र शर्मा, सुमन शर्मा सहित श्री श्याम बगीची में पहुंचे। उन्होंने बाबा श्याम की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर मनीष सिंगला ने भजन भी गाए। मनीष सिंगला ने श्याम बगीची को एक साइलेंट जनरेटर देने की घोषणा की।

## नामांकन पत्र दाखिल करने का अंतिम दिन आज



**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**कुरुक्षेत्र, 16 फरवरी।** जिला नगर आयुक्त सतेन्द्र सिवाच ने कहा कि नगर परिषद थानेसर के चेयरमैन पद व पार्षद पद के लिए, इस्माइलाबाद उप चुनाव में प्रधान पद के लिए, लाडवा वार्ड नंबर 11 के पार्षद पद के लिए 17 फरवरी 2025 तक प्रत्याशी अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकते है। डीएमसी सतेन्द्र सिवाच ने कहा कि मतदान 2 मार्च को करवाया जाएगा, वहीं मतगणना 12 मार्च को करवाई जाएगी। नगर परिषद व नगर पालिका चुनाव के लिए प्रत्याशी 17 फरवरी तक सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक राजपत्रित अवकाश को छोडकर.सभी कार्य दिवस पर नामांकन दाखिल करवा सकेंगे। उन्होंने कहा कि 18 फरवरी को नामांकन की जांच का कार्य किया जाएगा। नगर परिषद व नगर पालिका चुनाव के लिए आवेदन करने वाले प्रत्याशी 19 फरवरी को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक नाम वापस ले सकते हैं,19 फरवरी को दोपहर तीन बजे के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए जाएंगे। इसके बाद 19 फरवरी को ही चुनाव लडने. वाले प्रत्याशियों व मतदान केंद्रों की सूची निर्धारित स्थान पर चस्पा कर दी जाएगी। इन चुनावों के लिए निर्धारित शैडयूल के अनुसार 2 मार्च को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान करवाया जाएगा। वहीं 12 मार्च को सुबह 8 बजे से मतगणना करवाई जाएगी।

**कार्यालय के भीतर प्रत्याशी के साथ चार व्यक्तियों की होगी अनुमति**
उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि नगर परिषद थानेसर के आम चुनाव, इस्माइलाबाद अध्यक्ष पद के उपचुनाव व लाडवा में वार्ड नंबर 11 के पार्षद पद के उपचुनाव के लिए 17 फरवरी तक संबंधित आरओ व एआरओ कार्यालय में प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे के बीच नामांकन प्रक्रिया जारी रहेगी।
उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान कोई भी प्रत्याशी आरओ व एआरओ कार्यालय की सौ मीटर की परिधि में तीन से अधिक वाहन नही ले जा सकेंगे। वहीं आरओ व एआरओ कार्यालय के भीतर नामांकन पत्र जमा कराने आए व्यक्ति के साथ केवल चार व्यक्ति ही अंदर आने की अनुमति होगी। जिनमें उम्मीदवार का नामांकन प्रस्तावित करने वाला कोई भी प्रस्तावक/प्रस्तावक शामिल हो सकते है। इन आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## केमिस्ट की दुकान से नगदी चोरी



**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**कुरुक्षेत्र, 16 फरवरी।** धर्मनगरी में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। चोर रविवार को दिनदहाड़े रेड रोड पर नागपाल नर्सिग होम के नजदीक स्थित गुलाटी मेडिकोज की दुकान का शीशा तोड़कर गल्ले में रखी नकदी चुराकर ले गए। मालिक गुलशन गुलाटी ने बताया कि वह रविवार दोपहर करीब 2 बजे दुकान के शीशे वाले गेट को लॉक करके दुकान के उपर स्थित अपने घर में खाना खाने गया था। जब वह खाना खाकर नीचे आया तो उसने देखा कि गेट का शीशा टूटा हुआ है। चोर गल्ले का ताला तोड़कर गल्ले में रखी नकदी चोरी करके ले गए। गुलशन गुलाटी ने पुलिस को सूचित किया। सुभाष मंडी चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सीन आफ क्राइम टीम को बुलाया। सीन आफ क्राइम टीम ने मौके से नमूने एकत्रित कर जांच हेतु फोरेसिंक लैब में भिजवाए। चोरी की वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 163 लागू, फोटोस्टेट की दुकानें रहेंगी बंद

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 16 फरवरी।** सीबीएसई की आगामी माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक परीक्षाओं के सुचारू रूप से संचालन के लिए अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट लक्षित सरीन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी किए हैं।
जारी आदेश के अनुसार, 4 अप्रैल 2025 तक सिरसा जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में पांच या पांच से अधिक लोगों के गैरकानूनी रूप से एकत्रित होने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके अलावा, परीक्षा केंद्रों के आसपास फोटोस्टेट की दुकानों के संचालन पर भी प्रतिबंध रहेगा। इस आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। ये आदेश पुलिस, ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों और परीक्षार्थियों पर लागू नहीं होंगे।

## दुनिया में खेती की नई तकनीक हरियाणा के किसानों को जरूर मिलेगी: कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा

### -गिगनाऊ में आयोजित दो दिवसीय बागवानी मेले को कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने किया संबोधित



**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**लोहारू, 16 फरवरी।** कृषि एवं पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि कृषि क्षेत्र में रोजगार के अपार संभावनाएं हैं इसलिए बेरोजगारी को दूर करने के लिए कृषि अहम रोल अदा कर रही है। कृषि को बढावा देने के लिए और किसानों की आय बढाने के लिए नई-नई तकनीकी को अपना कर खेती की जा रही है। उन्होंने कहा कि दुनिया में जहां भी खेती की नई तकनीक होगी, वह हरियाणा के किसानों को जरूर मिलेगी। कृषि मंत्री रविवार को गांव गिगनाऊ में आयोजित दो दिवसीय बागवानी मेले के समापन अवसर पर किसानों को संबोधित कर रहे थे।
उन्होंने कहा कि जितनी ज्यादा मंडियां होंगी, किसानों को उतना ज्यादा फायदा होगा, इसीलिए हरियाणा में अंतरराष्ट्रीय स्तर की नई नई मंडियां बनाई जा रही हैं। उन्होंने मेले में आए किसानों का आह्वान किया कि वे परंपरागत खेती को छोड़कर फल फूल, बागवानी ,सब्जी उत्पादन पशुपालन, मछली पालन, मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन आदि व्यवसाय अपना कर अपनी आय को दोगुना करें ताकि वे आत्मनिर्भर बने और उनका जीवन खुशहाल बने। उन्होंने कहा कि गेहूं और कपास में एक आमदनी की एक लिमिट है, लेकिन फल, फूल और सब्जियों में आमदनी की कोई लिमिट नही है। उन्होंने कहा कि सरकार बागवानी को बढ़ावा देने के लिए सबसिडी दी जा रही है। किसान सबसिडी योजनाओं का फायदा उठाकर बागवानी करें।
कृषि मंत्री ने कहा कि हरियाणा के जिस क्षेत्र में जो फसल अधिकतम पैदावार की संभावनाएं है उस क्षेत्र में उस फसल को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनका सौभाग्य है कि उनको खेती का महकमा मिला है, जिससे किसानों के लिए काम करना वे अपनी खुश किस्मती मानते हैं।
उन्होंने लक्ष्य बनाया है की प्रदेश में मछली पालन के माध्यम से युवाओं को रोजगार मिले, इसके लिए बागवानी और मछली पालन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इजराइली दूतावास नई दिल्ली से आए एग्रीकल्चर अटैची ऊरी रूबिंस्टेन ने कहा कि किसान अन्नदाता है तथा यहां के किसान इजराल की खेती की तकनीक का फायदा उठाएं। बागवानी विभाग के एचओडी स्पेशल डॉ अर्जुन सिंह सैनी ने किसानों को फसल विविधिकरण अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने बागवानी विभाग की योजनाओं की भी जानकारी दी। डीडीएच डॉ आत्मप्रकाश ने खजूर की खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मेले में पूर्व विधायक शशि रंजन परमार ने कहा कि लोहारू क्षेत्र में किसानों की भलाई के लिए बनाए जा रहे नए-नए केंद्रों के लिए पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल की प्रशंसा की। मेले में डीडीए डॉ विनोद फोगाट ने भी किसानों को मिलेट्स में शामिल ज्वार, बाजरा, कुटकी इत्यादि की खेती की जानकारी दी। डीएचओ डॉ देवी लाल ने बागवानी के बारे में बताया। मेले में बागवानी के 34 प्रगतिशील किसानों को 21 21 हजार की राशि से सम्मानित किया गया। इस दौरान कृषि तथा बागवानी विभाग की अनेक अधिकारी, कर्मचारी, महिलाएं किसान उपस्थित रहे।

## हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन का जिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित



**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**कुरुक्षेत्र, 16 फरवरी।** हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन (हसला) कुरुक्षेत्र की जिला कार्यकारिणी का भव्य शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने शिरकत की। जिला प्रधान डॉ तरसेम कौशिक,चैयरमैन सतबीर कौशिक, डॉ शीशपाल जांगड़ा, राजेश सैनी, डॉ दिनेश यादव, अतुल कुमार शर्मा, संजय कौशिक ने कार्यक्रम में पहुंचने पर पुष्प गुच्छ भेंट कर मुख्यातिथि सुभाष सुधा का स्वागत एवं अभिनंदन किया। समारोह के दौरान नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि सुभाष सुधा ने अपने संबोधन में शिक्षा के महत्व और शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए संगठन की विभिन्न मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। चेयरमैन सतबीर कौशिक और संरक्षक डॉ. शीशपाल जांगड़ा तथा डॉ दिनेश यादव ने शिक्षकों की समस्याओं और उनके समाधान पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर चेयरमैन सतबीर कौशिक, संरक्षक डॉ. शीशपाल जांगड़ा, डॉ दिनेश यादव, संजय कौशिक, वरिष्ठ उपप्रधान राजेश सैनी, जिला महासचिव जय प्रकाश, उप महासचिव संदीप फोगाट, वित्त सचिव अली शेर, उप वित्त सचिव डॉ रामशरण, प्रेस सचिव संजीव जिंदल, उपप्रधान रवि दत्त, अनिल चौधरी, अकादमिक संयोजक प्रवीण शर्मा, संदीप चंदेल, संजीव शर्मा, जगबीर पन्नू, डॉ प्रतीका हुड्डा जाखड़, चंद्रिका शर्मा, खंड प्रधान संदीप तंवर, तिलक राज शर्मा, रामकुमार, अनुज, धर्मपाल शर्मा, अशोक कुमार, वीरेंद्र गढ़ी रोड़ान, लोकेश राणा, अरविंद कुमार, डॉ गुरचरण, रासोवीर, मुकेश कुमार, हरविंदर सिंह, रमाकांत, अनिल कुमार शर्मा, सर्वजीत, सुरेंद्र भट्टी, सुखदेव, विजेंदर शर्मा, रघबीर सिंह, देवेंद्र जिंदल, विपुल शर्मा, नरेश शर्मा, सुभाष चंद, सुरेश राणा, जगदीप, मनोज कुमार, पवन कुमार, राजेश शर्मा, राजेंद्र कुमार, सतीश कुमार, गौरव गौतम, बहादुर सिंह, बारु राम, बलवान सिंह, राजेश कुंडू, डॉ केवल कृष्ण, परवीन शर्मा, रमेश शास्त्री, अतुल कुमार, इत्यादि प्राध्यापक मौजूद रहे।

## नशा करने में प्रयुक्त दवाओं की बिक्री करने वाली दुकानदारों के खिलाफ होगी कार्रवाई

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**कुरुक्षेत्र, 16 फरवरी।** उपायुक्त नेहा सिंह ने फूड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शेड्यूल एच और एक्स दवाओं की बिक्री की मॉनिटरिंग और निगरानी के लिए नियमित रूप से मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण किया जाए और प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए। उन्होंने कहा कि दोषी पाए जाने वाले मेडिकल स्टोरों का लाइसेंस भी रद्द किया जाना चाहिए और कानूनी कार्रवाई के साथ दुकानों को तुरंत सील किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सरकारी नशा मुक्ति केंद्रों में नशे की लत के लिए फ्री उपचार की उपलब्धता सरल की जा रही है। उपचार के दौरान यह सुनिश्चित किया जाएगा कि नशे के आदी/रोगी की पहचान गोपनीय रखा जाए। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशीली दवाओं की लत के खतरे से बचाने के लिए स्कूल,कॉलेज जाने वाले बच्चों को नशे की बुराई के प्रति सचेत करने के लिए जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर बल देना होगा।

## नगर परिषद चुनाव: वार्ड सदस्य पद के लिए आए 12 नामांकन

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 16 फरवरी।** नगर परिषद सिरसा के आम चुनाव के लिए शनिवार को वार्ड सदस्य पद के लिए 12 नामांकन पत्र प्राप्त हुए, वहीं प्रधान पद के लिए कोई नामांकन पत्र नहीं आया।
रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम राजेंद्र कुमार ने बताया कि शनिवार को वार्ड सदस्य पद के लिए 12 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। वार्ड नंबर 2 से चंचल रानी, वार्ड नंबर 3 से रमेश मेहता, वार्ड नंबर 10 से कमल कुमार, वार्ड नंबर 11 से बॉबी, वार्ड नंबर 12 से ममता, वार्ड नंबर 13 से अनिल कुमार, वार्ड नंबर 15 से विकास कुमार, वार्ड नंबर 16 से रणधीर कुमार, वार्ड नंबर 21 से नीतू व पूजा सोनी, वार्ड नंबर 22 से अनिता सोनी व सरोज ने नामांकन पत्र दाखिल किए। उन्होंने बताया कि नामांकन प्रक्रिया 17 फरवरी तक (अवकाश को छोडकर) सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक होगी। नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी 18 फरवरी को सुबह साढे 11 बजे की जाएगी। इसी प्रकार 19 फरवरी को सुबह 11 से 3 बजे तक नामांकन वापिस लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 2 मार्च को सुबह 8 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान होगा। वहीं 12 मार्च को सुबह 8 बजे मतगणना प्रक्रिया शुरू होगी। उन्होंने बताया कि प्रधान पद के लिए कमरा नंबर 40 में नामांकन पत्र लिए जा रहे हैं। इसी तरह वार्ड नबर 1 से 12 के सदस्यों पद के लिए कमरा नंबर 20, वार्ड नंबर 13 से 22 के सदस्यों के लिए कमरा नंबर 48 तथा वार्ड नंबर 23 से 32 के सदस्यों के लिए कमरा नंबर 32 में नामांकन पत्र प्राप्त किए जा रहे हैं।

## बंद पड़े मकान से नकदी व आभूषण चोरी

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 16 फरवरी।** शहर के हरीविष्णु कॉलोनी में एक बंद मकान से चोर 50 हजार रुपए की नकदी सहित आभूषण व मोबाइल चोरी कर ले गए।
पुलिस को दी शिकायत में ललित कुमार ने बताया कि उसके पिता विनोद कुमार काफी समय से बीमार चल रहे हैं। बीती 14 फरवरी को वह अपने पिता को दवा दिलवाने के लिए अस्पताल में गया था। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने पीछे से मकान में घुसकर अलमारी से 50 हजार रुपए की नकदी, दो सोने की बाली, एक सोने की चेन व लोकेट, चांदी की पाजेब, तीन मोबाइल फोन चोरी कर लिए। कुछ देर बाद वे घर आए तो घटना का पता चला। अंदर जाकर देखा तो कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। सामान संभाला तो उपरोक्त सामान गायब था। उन्होंने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## ए.सी. मंगवाकर नहीं दी पेमेंट, केस दर्ज

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 16 फरवरी।** परशुराम चौक के निकट गांधी कॉलोनी में ए.सी. दुकान संचालक से ए.सी. मंगवाकर राशि से इंकार करने मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस को दिए बयानों में ई-ब्लॉक निवासी मदन मेहता ने बताया कि वह अनुकूल एयर कंडीशन के नाम से दुकान करता है। उसने बताया कि बीती 9 दिसंबर 2024 को उसकी दुकान पर रोहित अरोड़ा नाम का व्यक्ति आया। उसने कहा कि वह दिल्ली व गुडगांव में ए.सी. बनाने का काम करता है। उसने 13 ए.सी. की मांग की। 29300 रुपए प्रति ए.सी. के हिसाब से रेट तय हो गया। उसके बाद रोहित अरोड़ा ने कहा कि वह घर जाकर अपनी पत्नी कोमल व भाई पंकज से बात कर-के आपको बता देगा। उसने फोन कर ए.सी. घर भेजने को कहा। मेहता ने रोहित अरोड़ा से कहा कि वह एडवांस पेमेंट जमा करवा दे तो उसने कहा कि ये 13 ए.सी. मेरे घर संतनगर कॉलोनी हिसार रोड सिरसा पर भेज देना, वहीं पेमेंट कर दूंगा। मैंने उसी दिन जींद से 20 ए.सी. मंगवाए थे, जिसमें से 7 दुकान पर उतरवा लिए व बाकि 13 एस.सी. उसी टाटा ऐस में कंवलजीत सिंह जो मेरे पास दुकान पर काम करता है, को साथ भेजकर रोहित अरोड़ा के घर भेज दिया। रोहित अरोड़ा के घर ए.सी. उतारने के बाद जब उससे पैसे मांगे गए तो उसने कहा कि वह कुछ देर में दुकान पर आकर पेमेंट कर देगा। कुछ देर इंतजार करने के बाद फोन किया तो उसने फिर से दुकान पर आने को कहा। शाम तक जब वह दुकान पर नहीं आया तो उसके घर लडके को भेजा। घर पर न तो रोहित मिला और न ही ए.सी। घर पर उसकी पत्नी व भाई मिले, जिन्होंने पैसे देने से इंकार कर दिया और कहा कि हमें तो धोखाधड़ी करनी थी। इस पर उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला। कई दिनों तक तो वह इंतजार करता रहा, लेकिन कोई जवाब नहीं आया, जिस पर उसने पुलिस को इस संबंध में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## आल इंडिया लॉयर्स फौरम ने आयोजित किया राष्ट्रीय सम्मेलन : अंकित गुप्ता



**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**कुरुक्षेत्र, 16 फरवरी।** आल इंडिया लॉयर्स फौरम के प्रदेश महासचिव एडवोकेट अंकित गुप्ता ने बताया कि आल इंडिया लॉयर्स फौरम द्वारा तीन नए आपराधिक कानूनों का कार्यान्वयन और उनकी चुनौतियां विषय पर फरीदाबाद में एक राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। इस अवसर पर भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति राजेश बिंदल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत के सर्वोच्च न्यायालय के एडवोकेट-आन-रिकॉर्ड और फौरम के सह-अध्यक्ष विकास वर्मा ने की। कार्यक्रम में भारत के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल बिजेंद्र चाहर, हरियाणा पुलिस की महानिरीक्षक डॉ. राजश्री सिंह, फरीदाबाद के पुलिस उपायुक्त मकसूद अहमद ने बतौर विशिष्ट अतिथि भाग लिया। न्यायमूर्ति राजेश बिंदल ने कहा कि आपराधिक कानूनों को समय के साथ बदलना जरूरी था, क्योंकि कई मौजूदा प्रावधान पुराने हो चुके हैं। उन्होंने कानूनों के बेहतर क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कानूनी सुधारों और न्यायिक प्रशिक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि कानून प्रवर्तन अधिकारियों और अधिवक्ताओं को आम लोगों तक न्याय की आसान पहुंच की सुविधा के लिए नए आपराधिक कानूनों की गहन समझ हासिल करनी चाहिए। भारत के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल बिजेंद्र चाहर ने नए आपराधिक कानूनों के संवैधानिक और प्रक्रियात्मक पहलुओं पर प्रकाश डाला। ऑल इंडिया लॉयर्स फौरम के प्रदेश महासचिव एडवोकेट अंकित गुप्ता ने कहा कि माननीय जस्टिस राजेश बिंदल व अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल आफ इंडिया द्वारा नए आपराधिक कानूनों पर पेशेवरों और बुद्धिजीवियों से चर्चा बहुत गर्व का क्षण था।

## संपादक की कलम से

# वैलेंटाइन डे: प्यार के उत्सव का नया बाजार

**पिछले कुछ समय** से ग्लोबलाइज्ड समाज में प्यार भी ग्लोबल ट्रेंड हो गया है। आज जहां इजहार और इकरार करने के तौर- तरीके बदल गए हैं, वहीं इंटरनेट के मौजूदा दौर में प्यार भी बाजारू हो चला है। प्यार का यह उत्सव एक बड़े बाजार को गिरफ्त में ले चुका है। हर जगह वैलेंटाइन की संस्कृति पसरती जा रही है। शहर से लेकर कस्बों तक यह तेजी से फैल चुका है। वैलेंटाइन के सम्बन्ध में कई किस्से प्रचलित हैं। रोमन कैथोलिक चर्च की मानें तो यह "वैलेंटाइन "अथवा "वलेंतिनस" नाम के तीन लोगों को मान्यता देता है जिसमें से दो के सम्बन्ध वैलेंटाइन डे से जोड़े जाते हैं लेकिन बताया जाता है इन दो में से भी संत वैलेंटाइन खास चर्चा में रहे। कहा जाता है संत वैलेंटाइन प्राचीन रोम में एक धर्मगुरू थे। उन दिनों वहां क्लाउडियस दो का शासन था। उसका मानना था अविवाहित युवक बेहतर सैनिक हो सकते हैं क्योंकि युद्ध के मैदान में उन्हें अपनी पत्नी या बच्चों की चिंता नहीं सताती। अपनी इस मान्यता के कारण उसने तत्कालीन रोम में युवकों के विवाह पर प्रतिबंध लगा दिया। किन्दवंतियों की मानें तो संत वैलेंटाइन ने क्लाउडियस के इस फैसले का विरोध करने का फैसला किया। बताया जाता है कि वैलेंटाइन ने इस दौरान कई युवक-युवतियों का प्रेम विवाह करा दिया। यह बात जब राजा को पता चली तो उसने संत वैलेंटाइन को 14 फरवरी को फाँसी की सजा दे दी। कहा जाता है संत के इस त्याग के कारण हर साल 14 फरवरी को उनकी याद में युवा "वैलेंटाइन डे" मनाते हैं । 1260 में संकलित की गई 'ऑरिया ऑफ जैकोबस डी वॉराजिन' नामक पुस्तक में भी सेंट वेलेंटाइन का वर्णन मिलता है। इसके अनुसार रोम में तीसरी शताब्दी में सम्राट क्लॉडियस के अनुसार विवाह करने से पुरुषों की शक्ति और बुद्धि कम होती है। उसने फरमान जारी किया कि उसका कोई सैनिक या अधिकारी विवाह नहीं करेगा। संत वेलेंटाइन ने इस क्रूर आदेश का विरोध किया। उन्हीं के आह्वान पर अनेक सैनिकों और अधिकारियों ने विवाह किए। कैथोलिक चर्च की एक अन्य मान्यता के अनुसार एक दूसरे संत वैलेंटाइन की मौत प्राचीन रोम में ईसाइयों पर हो रहे अत्याचारों से उन्हें बचाने के दरम्यान हो गई। इस पर नई मान्यता यह है कि ईसाइयों के प्रेम का प्रतीक मानें जाने वाले इस संत की याद में ही वैलेंटाइन डे मनाया जाता है। एक अन्य किंदवंती के अनुसार वैलेंटाइन नाम के एक शख्स ने अपनी मौत से पहले अपनी प्रेमिका को पहला वैलेंटाइन संदेश भेजा जो एक प्रेम पत्र था। उसकी प्रेमिका उसी जेल के जेलर की पुत्री थी जहाँ उसको बंद किया गया था। उस वेलेंनटाइन नाम के शख्स ने प्रेम पत्र लिखा " फ्रॉम यूअर वेलेंनटाइन।" आज भी यह वैलेंटाइन पर लिखे जाने वाले हर पत्र के नीचे लिखा रहता है। क्लॉडियस ने 14 फरवरी को संत वेलेंटाइन को फांसी पर चढ़वा दिया। तब से उनकी स्मृति में प्रेम दिवस मनाया जाता है। कहा जाता है कि सेंट वेलेंटाइन ने अपनी मृत्यु के समय जेलर की नेत्रहीन बेटी जैकोबस को नेत्रदान किया व जेकोबस को एक पत्र लिखा, जिसमें अंत में उन्होंने लिखा था 'तुम्हारा वेलेंटाइन।' 14 फरवरी के बहाने इस संत के नाम पर पूरे विश्व में यह दिवस मनाया जाने लगा। आज युवाओं में वैलेंटाइन की खुमारी सिर चढ़कर बोल रही है। इस दिन के लिए सभी पलकें बिछाये बैठे रहते हैं। इसे प्यार के इजहार का दिन बताते हैं लेकिन युवक-युवतियां प्यार की सही परिभाषा नहीं जान पाये हैं। वह इस बात को नहीं समझ पा रहे कि प्यार को आप एक दिन के लिए नहीं बांध सकते।

वह तो प्यार को हंसी-मजाक का खेल समझ रहे हैं। आज का प्यार नूडल जैसा बाजारू बन गया है जो दो मिनट चलता है। आज के बाजार ने प्यार की परिभाषा बदल दी है। इसका प्रभाव यह है 14 फरवरी को प्रेम दिवस का रूप दे दिया गया है जिसके चलते संसार भर के कपल प्यार का इजहार करने को उत्सुक रहते हैं।

जहां चीन में यह दिन 'नाइट्स ऑफ सेवेन्स' प्यार करने वालों के लिए खास होता है, वहीं जापान व कोरिया में इस पर्व को 'वाइट डे' का नाम से जाना जाता है। इन देशों में इस दिन से पूरे एक महीने तक लोग अपने प्यार का इजहार करते हैं। आज 14 फरवरी का कितना महत्व बढ़ गया है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है इस अवसर पर बाजारों में खासी रौनक होती है। गिफ्ट सेंटर में उमड़ने वाली भीड़, चहल-पहल इस बात को बताने के लिए काफी है यह किस प्रकार युवाओं के दिलों में उतर चुका है।

यूं तो हमारी संस्कृति में प्रेम को परमात्मा का दूसरा रूप बताया गया है अतः प्रेम करना गुनाह और प्रेम का विरोधी होना सही नहीं होगा लेकिन वैलेंटाइन के नाम पर जिस तरह का पश्चिमपरस्ती का विस्तार हो रहा है वह सही नहीं है। वैसे भी यह प्रेम का तरीका भारतीय जीवन मूल्यों से मेल नहीं खाता। आज का वैलेंटाइन डे भारतीय काव्य शास्त्र में बताये गए मदनोत्सव का पश्चिमी संस्करण प्रतीत होता है। सवाल यह है कि क्या आप प्रेम जैसी चीज को एक दिन के लिए बांध सकते हैं? शायद नहीं। आज लोग प्यार के चक्कर में बर्बाद हो रहे हैं। हीर-रांझा, लैला-मजनूं, रोमियो-जूलियट के प्रसंगों का हवाला देने वाले हमारे आज के प्रेमी यह भूल जाते हैं कि मीरा वाला प्रेम सच्ची आत्मा से सम्बन्ध रखता था। आज प्यार बाहरी आकर्षण की चीज बनती जा रही है। प्यार को गिफ्ट और पॉकेट में तौला जाने लगा है। वैलेंटाइन के प्रेम में फंसने वाले कुछ युवा सफल तो कुछ असफल साबित होते है। जो असफल हो गए तो समझो बर्बाद हो गए क्योंकि यह प्रेम रूपी "बग" बड़ा खतरनाक है। एक बार अगर इसकी जकड़ में आप आ गए तो भविष्य में भी पीछा नहीं छोड़ेगा। वैलेंटाइन के नाम पर आज समाज में जिस तरह की उद्दंडता हो रही है, वह चिंतनीय है। संपन्न तबके साथ आज का मध्यम वर्ग और निम्न तबका इसके मकड़जाल में फंसकर अपना पैसा और समय दोनों खराब कर रहे हैं। आज वैलेंटाइन की स्टाइल बदल गई है। गुलाब गिफ्ट दिए, नशे में पार्टी में थिरके बिना काम नहीं चलता। यह मनाने के लिए आपकी जेब गर्म होनी चाहिए।

## किसी का क्या?

मधुमक्खी की तरह इंसान संग्रहकर्ता,
कोई छीन कर आगे चलता बनता,
क्या किसी की जोड़ी हुई वस्तु अपनी हुई,
हृदय को क्या बात छुई,
लालच के वशीभूत इंसान न समझ सका,
कह न सका बात एक टका,
सदा के लिए नहीं हुआ अपना दर,
किसी का क्या यहां पर।
लेने देने का यह खेल,
बिछड़ कर कहीं हो रहा मेल,
क्या पाया और क्या खोया,
कभी हंसा तो कभी रोया,
किस बात का करें घमंड,
रूप क्यों दिखाई देता प्रचंड,
हर बात की नहीं खबर,
किसी का क्या यहां पर।
चारों दिशाओं में भाग रहे लोग,
पता चले जब करे योग,
कुछ खाने को भागे,
कुछ पचाने को भागे,
किसी ने सुंदरता के लिए बहाया,
किसी ने दूसरों के लिए कमाया,
देख कर भी नहीं आता नजर,
किसी का क्या यहां पर।
बड़ी-बड़ी संपत्तियों के कौन मालिक,
फिर भी मुंह पर चढ़ी कालिख,
पीया किसी ने दूसरों का खून,
चूस कर हड्डियां रहे महरूम,
सब कुछ खाकर भी रहे भूखे,
पाकर सब कुछ रहे रूठे,
नहीं खत्म होती कभी डगर,
किसी का क्या यहां पर।



**डॉ विनोद कुमार शर्मा, चंडीगढ़।**

# स्वभाषा के बिना संस्कृति निष्प्राण



**हृदयनारायण दीक्षित**

**भारतीय** संस्कृति अति प्राचीन है। यूरोप की सभ्यता पर यूनानी प्रभाव है। यूनान जर्मनी से पहले सभ्य हुआ। भारत यूनान से पहले। यूनानी दर्शन ईसा के 500-600 वर्ष पहले शुरू हुआ। इसके सैकड़ों बरस पहले भारत का वैदिक दर्शन प्रसिद्धि प्राप्त कर चुका था। यूनानी सभ्यता की विकास भूमि क्रीट द्वीप है। क्रीट की कला के विश्लेषक रैनोल्ड हिगिंस के अनुसार ईसा के 2800 बरस पहले लघु एशिया के प्रवासी वहां सभ्यता ले गए। क्रीट के क्रोसोस नगर के प्रथम शासक मिनोस के नाम पर इसे मिनोअन सभ्यता कहा गया। मिकनी नगर यूनानी सभ्यता का केन्द्र बना। यह सभ्यता मखदूनिया, साइप्रस और इटली तक फैली। मिस्त्र से निकाले गए हुक्सोस मिकनी के शासक थे। टायनबी ने इन्हें आर्य व हिगिंस ने इन्हें भारतीय कहा। भाषा वैज्ञानिक वामपंथी विद्वान डॉ. रामविलास शर्मा ने बताया कि, आर्य भाषा बोलने वाले भारतीय मिनोअन-मिकीनियन राज्यों के संस्थापक थे। यूनानी सभ्यता, संस्कृति और दर्शन का विकास भारतीय सम्बंधों से हुआ। ऋग्वेद के मनु, मिस्त्र के प्रथम राजा मेनस और यूनान (क्रीट) के प्रथम शासक मिनोस भाषा की दृष्टि से संस्कृत के और संस्कृति की दृष्टि से भारतीय तत्व हैं। इंग्लैंड की सभ्यता यूनान से प्रेरित है। उन्होंने लैटिन, ग्रीक, मिस्त्र से संस्कृति और सभ्यता के तत्व पाए। भारतीय संपर्क से उन्हें पुष्ट किया। अंग्रेजी स्वयं में व्यवस्थित भाषा नहीं है। संस्कृत के तमाम शब्द अंग्रेजी में हैं। संस्कृत का दिव्य ही अंग्रेजी का डिवाइन है। अंग्रेजी का ब्रदर संस्कृत का भ्रात है, फादर संस्कृत का पितृ है और मदर संस्कृत की मातृ है। गोदाम अंग्रेजी में गोडाउन है। पी.जी. सुब्बाराव ने इंडियन वर्ड्स इन इंग्लिश में ऐसे सैकड़ों दिलचस्प शब्दों की सूची दी है। अंग्रेजों ने जर्मन, फ्रेंच से भाषा के संस्कार पाए, रोमन लिपि अपनाई। भाषा विज्ञानी अलब्राइट व लैम्बिडन ने सुमेरी को प्राचीनतम लिखित भाषा बताया। इनके मुताबिक पश्चिम को सुमेरी ने प्रभावित किया। उन्होंने बताया अंग्रेजी ऐबिस सुमेरी का अब्ज (पृथ्वी के नीचे का जल) है। यूनानी में वह अबुस्सास है। बेबीलोन में इसे अप्सु कहते हैं। लेकिन ऋग्वेद (1.23.19, 9.43.9 और 9.30.5 आदि) में जलवाची अप और अप्सु शब्द भरे पड़े हैं। मिस्त्री, सुमेरी और संस्कृत में भूतल जल पर एक शब्दावली है। ऋग्वेद पुराना है, जाहिर है कि संस्कृत ही सबसे पहले सृष्टि के आदि तत्व जल की बोली बनी। विलियम जोन्स ने कहा कि, संस्कृत ग्रीक से अधिक निर्दोष, लैटिन से अधिक समृद्ध और इनमें किसी से भी अधिक उत्कृष्ट है। इसके बावजूद धातुओं और व्याकरणिक रूपों में यह इन दोनों से प्रगाढ़ सम्बंध रखती है, इतना प्रगाढ़ कि कोई भाषाविद् इनका एक ही स्त्रोत माने बिना छानबीन नहीं कर सकता। संस्कृत जाने बिना विश्व भाषा विज्ञान, विश्व भाषा परिवार, सृष्टि संरचना और विश्व सांस्कृतिक सम्बंधों का अध्ययन विश्लेषण संभव नहीं। भारत सांस्कृतिक तत्वों का भी निर्यातक था। पश्चिम एशिया में रूद्र-शिव की उपासना थी। गूर्ने ने दि हिटटाइटस (पृष्ठ 134) में बताया कि वे हित्तियों के विशेष देवता थे, उनके अनेक रूप थे। सीरिया के शिल्प में वह परशु चलाते हुए बिजली कौंधने के प्रतीक हैं। यूनानी (मिनोअन) संस्कृति में भी परशु खास प्रतीक हैं। इबान्स के मुताबिक यह परशु मिनोअन देवी और उसके पुरुष देवता का चिन्ह था। इसी परशु का उल्लेख ऋग्वेद में है। पश्चिमी भारत से दक्षिणी यूरोप, फिर उत्तरी यूरोप होते हुए परशु नाम का देव प्रतीक इंग्लैंड तक पहुंचा। अंग्रेजी विद्वान सम्भवतः नहीं मानते कि रुद्र का शिवत्व प्रागैतिहासिक काल में भी है। ऋग्वेद में वे अरुण-रूद्र हैं। वे जटाधारी भी हैं। यजुर्वेद में वे नमः शम्भवाय-नमः शिवाय भी हैं। जैसे सीरिया में वे बिजली कौंधने के प्रतीक हैं वैसे ही उसके बहुत पहले ऋग्वेद (7.46.3) में वे आकाश से बिजली गिराते हैं। यहां उनसे अमृत्व की महामृत्युंजय स्तुति (7.59.12) है। सभ्यता, संस्कृति, देवतंत्र, दर्शन, भौतिकी और आधुनिक ज्ञान-विज्ञान का आदि केन्द्र भारत है। यूरोपीय विद्वान एच.एस. मेन ने लिखा था, बीजगणित, अंकगणित में पश्चिमी सहायता के बिना ही ऊंचे दर्जे की दक्षता है। दशमलव प्रणाली के अविष्कार का हम पर ऋण है। अरबों ने अंक हिन्दुओं से पाए, यूरोप में फैलाए। यूरोपीय चिकित्सा पद्धति 17वीं सदी तक अरबी चिकित्सा थी। विलियम हंटर ने लिखा था कि, पश्चिम के विद्वान जब भाषा विज्ञान का विवेचन आकस्मिक समानताओं के आधार पर कर रहे थे, उस समय भारत में व्याकरण को मूल सिद्धांतों का रूप मिल चुका था। सारा ज्ञान विज्ञान, संस्कृति दर्शन संस्कृत में है, हिन्दी में भी है। बावजूद इसके अंग्रेजी पर जोर है, अंग्रेजी का शोर है। सवाल यह है कि जो संस्कृत और हिन्दी काव्य, साहित्य, दर्शन, विज्ञान, प्रीति और प्रेम की सहज अभिव्यक्ति है, वही विज्ञान और व्यापार की सशक्त भाषा क्यों नहीं है? भारत प्राचीनतम व अद्वितीय राष्ट्र है। मैक्समूलर ने लिखा, भारत के मानवी-मस्तिष्क ने कुछ सर्वोत्तम गुणों का पूर्ण विकास किया है। जीवन की बड़ी से बड़ी समस्याओं पर भारत द्वारा प्राप्त हल प्लेटो और कांट के दर्शन का अध्ययन किए हुए लोगों के लिए (भी) विचार करने योग्य है। यूनानी, रोमन और एक सेमेटिक जाति यहूदी के विचार मात्र पर पालित-पोषित यूरोप के हम लोग जीवन को अधिक परिपक्व, अधिक व्यापक, अधिक सार्वलौकिक, दरअसल सच्चे मानवीय बनाने के लिए भारत की ओर ही देखते हैं। भारतीय संस्कृति दर्शन की ऐसी प्रतिष्ठा पर गर्व करना चाहिए। स्वाधीनता संग्राम की भाषा मातृभाषा हिंदी थी लेकिन नए प्रभुवर्ग अंग्रेजी को वरीयता देते रहे हैं। गांधीजी ने कहा था, अंग्रेजी ने हिंदुस्तानी राजनीतिज्ञों के मन में घर कर लिया है। मैं इसे अपने देश और मनुष्यत्व के प्रति अपराध मानता हूं। (संपूर्ण गांधी वांगमय 29-312) संस्कृति, सृजन और संवाद की भाषा हिंदी है। बावजूद इसके अंग्रेजी का मोह बढ़ा, अंग्रेजी स्कूल बढ़े, अंग्रेजी प्रभुवर्ग की भाषा बनी। हिंदी का अंग्रेजीकरण भी हुआ। टीवी सिनेमा ने नई संकर भाषा को गले लगाया। हिंदी सौंदर्य और कला में व्यक्त करने का माध्यम थी-है। अंग्रेजीकृत हिंदी-हिंगलिश-मिश्रित बोली ने भारतीय सौंदर्यबोध को विकृत किया। अंग्रेजी मिश्रित हिंदी शैंपू और दाद खाज की दवा बेचने का माध्यम हो सकती है लेकिन सृजन और संवाद की भाषा नहीं हो सकती। स्वभाषा के बिना संस्कृति निष्प्राण होती है। लॉर्ड मैकाले ने ब्रिटिश संसद में कहा था, उच्चतर जीवन मूल्य और उत्कृष्ट क्षमताओं को देखते हुए भारतीयों पर तब तक विजय प्राप्त नहीं की जा सकती, जब तक वहां की आध्यात्मिक-सांस्कृतिक परंपरा की सशक्त रीढ़ नहीं तोड़ी जाती। इसलिए मेरा प्रस्ताव है कि भारत की प्राचीन शिक्षा पद्धति, संस्कृति को विस्थापित करें कि भारतवासी विदेशी और अंग्रेजी को श्रेष्ठ समझते हुए स्वसंस्कृति और स्वाभिमान खोकर हमारी इच्छा अनुरूप शासित राष्ट्र हो जाएं। वे असफल हुए। इसका कारण भारत की सांस्कृतिक निरंतरता है।

**(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)**

# हरियाणे की डायरी



**प्रस्तुतिःचंद्र शेखर धरणी**
**वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार**

### अब बडौली बोले विज पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं

हरियाणा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली ने शुक्रवार को पार्टी के वरिष्ठ नेता और मंत्री अनिल विज मामले में कहा कि वह पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं और पार्टी की रीति-नीति पर चलने वाले हैं। उन्होंने यह भी कहा कि नोटिस में कोई ऐसी खास बात नहीं है, जो मीडिया को बताई जाए। उन्होंने अभी स्वीकार किया कि अनिल विज द्वारा भेजा जवाब उन्हें मिल गया है।भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली का यह बयान ऐसे वक्त में आया है, जब गत दिनों पार्टी के वरिष्ठ नेता और मंत्री अनिल विज को मुख्यमंत्री और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली के विरुद्ध बयानबाजी करने पर कारण बताओं नोटिस जारी किया गया था। इसके साथ ही उसे नोटिस में वरिष्ठ नेता अनिल विज को तीन दिनों में जवाब देने के लिए निर्देश जारी किए थे। साथ ही नोटिस में बताया गया था कि उक्त कारण बताओं नोटिस भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशों के बाद दिया गया है। बेंगलुरु से लौटे अनिल विज ने इस नोटिस को मीडिया में वायरल कर देने पर आपत्ति उठाई साथ ही इसका जवाब आठ पेज में देने की बात मीडिया से कही थी। बेहद गोपनीय ढंग से नोटिस का जवाब दिए जाने के बाद से अनिल विज शांत है । कुल मिलाकर मामले में शुक्रवार को भाजपा अध्यक्ष मोहनलाल बडोली के इस प्रकार के बयान के बाद यह भी साफ हो रहा है कि पूरा मामला अनिल विज के जवाब दिए जाने के बाद शांत हो गया है।

### पर्यावरण व नशें पर स्पीकर चिंतित

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि आज पर्यावरण व युवाओं को नशे से दूर रखना एक महत्वपूर्ण विषय हैं। आगामी समय में इन विषयों के मद्देनजर हरियाणा विधानसभा में युवा मामलों तथा पर्यावरण को लेकर समितियां बनाने का काम किया जाएगा, जो सरकार के साथ मिलकर इन विषयों को आगे बढ़ाएगी और इन क्षेत्रों में युवाओं के उज्जवल भविष्य की दृष्टि से तथा वातावरण के क्षेत्र में सुधार की तरफ कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली हैं, जिन्हें विधानसभा के माध्यम से जनसेवा का अवसर मिला है। इसलिए हम सभी मिलकर 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में सहभागी बनें। उन्होंने लोक सभा की प्राइड, विधान सभा सचिवालय तथा सरकार के इस कार्यक्रम को करवाने दे रहे योगदान की भी प्रशंसा की। प्रबोधन कार्यक्रम के आयोजन के लिए लोकसभा की प्राइड, विधानसभा सचिवालय तथा सरकार के योगदान की भी प्रशंसा की। शुक्रवार को हरियाणा विधानसभा में संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) लोकसभा के सहयोग से हरियाणा विधान सभा के सदस्यों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

### ओम बिड़ला मानते हैं कि धर्म,कर्म और खेलों में हरियाणा अग्रणीय

हरियाणा प्रदेश की प्रशंसा करते हुए लोक सभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि गीता का पवित्र संदेश हरियाणा की धरती से निकला है। जिस प्रकार हरियाणा के नौजवान देश की सीमाओं के प्रहरी हैं उसी प्रकार यहां के किसान अन्न भण्डारण में और खिलाड़ी देश का नाम रोशन कर रहे हैं। इसी प्रकार हरियाणा विधानसभा का समृद्ध लोकतांत्रिक इतिहास रहा है और यहां के विधायकों का लंबा अनुभव है। उन्होंने हरियाणा विधानसभा की प्रशंसा करते हुए कहा कि हरियाणा विधानसभा द्वारा लगातार बैठकों की संख्या को बढ़ाया जा रहा है और बजट पर भी बेहतर चर्चा की जा रही है। विधान सभा द्वारा अपने विधायकों की कार्य क्षमता को बढ़ाने के लिए नए अभिनव कदम भी उठाए जा रहे हैं। इसी प्रकार, पेपरलेस विधानसभा की ओर भी हरियाणा तेजी से आगे बढ़ा है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा की इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से विशेष रूप से नए चुने हुए जनप्रतिनिधियों को निःसंदेह लाभ मिलेगा। प्रदेश में देश के लिए यह आचरण उचित नहीं है। नियोजित गतिरोध से विधायी कार्यों का समय भी खराब होता है। उन्होंने कहा कि राज्य विधानसभाओं में किसी भी कार्य को लेकर बेहतर चर्चा और संवाद होना चाहिए। दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए श्री ओम बिरला ने कहा कि विधायकों को जनता द्वारा चुना जाता है और जनता की उनसे अपेक्षाएं होती है। जनता की समस्याओं को विधानसभा में रखना और उनका समाधान करवाना, सरकारी नीतियों का अध्ययन करना जैसी सभी बातों को ध्यान में रखकर यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

### दिल्ली में कामयाब रही मनोहर लाल की रणनीति

दिल्ली के विधानसभा चुनाव में भी गुरु-चेले यानि मनोहर और नायब की जोड़ी पूरी तरह से सफल रही। एक ओर जहां मनोहर लाल ने दिल्ली फतेह करने के लिए रणनीतिक बैठकें की। वहीं, नायब सैनी सिर पर यमुना के पानी का मटका लेकर लोगों के बीच गए। दोनों दिग्गजों की जोड़ी ने दिल्ली में करीब दो दर्जन विधानसभा सीटों पर चुनाव प्रचार किया, जहां भाजपा उम्मीदवारों ने जीत का परचम लहराया है। हरियाणा से सटे होने की वजह से दिल्ली की करीब 32 से ज्यादा सीटों पर हरियाणा के नेताओं को प्रभाव है।बीजेपी के स्टार प्रचारक रहे थे। उन्होंने दिल्ली विधानसभा चुनाव में 9 सीटों पर जोर-शोर से प्रचार किया था। इसमें शाहदरा, महरौली, आरके पुरम, मोती नगर, कृष्णा नगर, नई दिल्ली, तिलक नगर, राजौरी गार्डन और रोहिणी की सीट शामिल हैं। इस दौरान दिल्ली चुनाव में खट्टर का स्ट्राइक रेट 90 प्रतिशत रहा। बीजेपी ने इन 9 सीटों में से 8 पर जीत हासिल की है।दिल्ली विधानसभा चुनाव में बीजेपी 70 में से 48 सीटों पर जीत हासिल करने में कामयाब हुई। नायब सैनी ने दिल्ली की 11 विधानसभा सीटों पर जमकर प्रचार किया था। इसमें सुल्तानपुर माजरा, मुंडका, नांगलोई जाट, सीलमपुर, रिठाला, जंगपुरा, तिमारपुर, बवाना, ग्रेटर कैलाश सदर बाजार और शकूरबस्ती विधानसभा क्षेत्र शामिल है। इस दौरान उन्होंने बहुत सी रैलियां और जनसभाएं की। दिल्ली चुनाव में सीएम सैनी का स्ट्राइक रेट 70 प्रतिशत से ज्यादा का रहा है। नायब सैनी ने जिन 11 सीटों पर प्रचार किया, उसमें से बीजेपी ने 8 सीटों पर जीत दर्ज की है।

### पंजे वाले दल में बढ़ रहे नायाब प्रेमी

हरियाणा के कांग्रेसियों का भाजपा और मुख्य रूप से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रति बढ़ता प्रेम राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का विषय बना हुआ है। सिरसा विधायक गोकुल सेतिया तथा नारायगढ़ से पार्टी विधायक शैली चौधरी पहले ही पब्लिक प्लेटफार्म पर मुख्यमंत्री की प्रशंसा कर चुके हैं। अब पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा का भी मुख्यमंत्री के प्रति प्रेम उजागर हुआ है।?हालांकि कुलदीप शर्मा ने कथित गलत काम होने पर सरकार के खिलाफ खुलकर मोचाबंदी का भी ऐलान किया है।दरअसल, कुलदीप शर्मा पंचकूला में एक कार्यक्रम में पहुंचे थे। इसी दौरान उन्होंने पूरी दिलेरी से मोदी सरकार के हालिया बजट और सीएम नायब सीएम सिंह सैनी की प्रशंसा की। कुलदीप शर्मा यह कहने से भी पीछे नहीं हटे कि यह बात उनकी पार्टी को हो सकता है पसंद ना आए। लेकिन उनका मानना है कि पार्टी (कांग्रेस) को अब खुद को सुधारना चाहिए। हरियाणा के विस चुनाव के नतीजों के बाद से ही कुलदीप शर्मा के तेवर बदले हुए हैं।

कुलदीप ने कहा कि अच्छी बात को अच्छी कहने की मैं क्षमता रखता हूं। इतना निडर तो मैं हूं। नायब सिंह सैनी सरकार के 100 दिन के कार्यकाल पर पूर्व स्पीकर ने कहा कि मेरे पास कोई शब्द नहीं हैं कि मैं नायब सैनी का विरोध करूं। जब तक ऐसे हालात पैदा नहीं होते तो मैं कर भी नहीं सकता। प्रदेश में भाजपा सरकार को पांच वर्षों के लिए जनमत मिला है। मैं चाहूंगा कि सरकार युवाओं के सामने बनी सबसे बड़ी बेरोजगारी की समस्या पर ध्यान दे।

### गब्बर का दबंग स्टाइल बरकरार

हरियाणा के परिवहन एवं बिजली मंत्री अनिल विज ने पार्टी अध्यक्ष मोहन बड़ौली के भेजे शोकॉज नोटिस का जवाब दे दिया है। यह जवाब 8 पन्नों का है। विज ने इसके बारे में बताने से इनकार करते हुए कहा कि मैंने उस चिट्ठी को भेजने के बाद फाड़कर टुकड़े जेब में रखे हैं, जिसे जला दूंगा। विज ने ये जरूर कहा कि उन्हें कुछ और चाहिए होगा तो वह भी दे दूंगा।विज ने नोटिस मीडिया को लीक करने पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पार्टी चाहे तो इसकी जांच कराए या नहीं, यह उनकी मर्जी।विज ने कहा कि मैंने जो चिट्?ठी लिखी, उसे डिस्ट्रॉय (नष्ट) किया और कतरनें (टुकड़े) जेब में रखे हैं, इन्हें घर जाकर जला दूंगा। विज से पूछा गया कि उन्होंने जवाब में क्या लिखा तो उन्होंने कहा कि इसे मीडिया में सार्वजनिक नहीं किया जा सकता।

### हरियाणा में माननीयों ने ली खास ट्रेनिंग

हरियाणा में अब जनता के चुने विधायक आम माननीय नहीं बल्कि खास हो गए है। दअरसलविधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए एक खास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लोकसभा सचिवालय के संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) द्वारा हरियाणा विधानसभा सचिवालय के सहयोग से आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला समेत केंद्रीय मंत्री, संसदीय समितियों के सभापति, संसद सदस्य और विषय विशेषज्ञ हरियाणा विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों को विभिन्न विषयों पर जानकारी दी। इस दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम का उद्देश्य नवनिर्वाचित सदस्यों को विधायिका, संसदीय प्रक्रिया, विधायी कार्य, बजट, कानून, और अन्य महत्वपूर्ण विषयों के बारे में जानकारी प्रदान करना था। इसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, राज्य सरकार के मंत्री और विधानसभा के सदस्य भी मौजूद रहे।

### फिर से नया संगठन बनाएगी चाबी

हरियाणा के विधानसभा चुनाव में बुरी तरह से हार का सामना करने वाली चाबी के निशान वाला दल अब फिर से मंथन में जुटा है। यही कारण है कि निकाय चुनाव को लेकर भी दल में कोई हलचल नजर नहीं आ रही। ऐसे में पार्टी के बड़े नेता और पूर्व में प्रदेश के दूसरे नंबर के बड़े साहब यानी पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जननायक जनता पार्टी (जजपा) जल्द ही प्रदेश में नया संगठन खड़ा करने की तैयारी कर रही है। इसके लिए कार्यकताओं से जमीनी स्तर पर फीडबैक लिया जा रहा है। दुष्यन्त के इस बयान के बाद राजनीतिक चौपाल पर चर्चा है कि पार्टी के अधिकांश दिग्गज नेताओं के पार्टी से अलग होने के बाद अब उन्हें अपने किए काम याद आ रहे हैं। शायद यही वजह है की अब वो आने वाले निकाय चुनाव पर ध्यान देने की बजाए संगठन बनाने पर ध्यान दे रहे है। वैसे सही भी है क्योंकि जब तक संगठन नहीं होगा तब तक कोई चुनाव जीतना तो दूर उसे सही से लड़ भी नहीं सकते। खैर देखना होगा की आगे जाकर ये चाबी किस ताले को खोलने का काम कर पाएगी या नहीं ?

### प्रदेश के युवाओं के लिए खुशखबरी !

हरियाणा के युवाओं के लिए बड़ी खुशखबरी आई है। हरियाणा में ग्रुप सी और ग्रुप डी भर्ती के लिए सीईटी 2025 के लिए जल्द रजिस्ट्रेशन शुरू होने वाले हैं। हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीनश ने फॉर्म शेड्यूल जारी कर दिया है। आयोग की ओर से युवाओं से रजिस्ट्रेशन के दौरान अपने सभी जरूरी डॉक्यूमेंट्स, सर्टिफिकेट्स तैयार रखने की अपील की है ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। बता दे हरियाणा के लाखों युवा पिछले कई सालों से सीईटी टेस्ट का इंतजार कर रहे हैं।

### अब उपभोक्ता की मर्जी का होगा बिजली बिल

हरियाणा में बिजली उपभोक्ताओं के लिए बड़ी खबर सामने आई है। प्रदेश में अब बिजली उपभोक्ता भी डिजिटल होंगें और तय करनेगें की उनका महीने भर का कितना बिजली बिल आएगा। प्रदेश के सरकारी कार्यालयों और कर्मचारियों के घरों में प्रीपेड स्मार्ट बिजली मीटर लगाएं जाएगें, स्मार्ट मीटर का काम दो चरणों में होगा पहले कर्मचारी और फिर आम लोगों के घरों में लगाया जाएगा। प्रीपेड स्मार्ट बिजली मीटर लगाने से आप खुद तय करेंगें की कितनी बिजली खपत करनी है। उसी हिसाब से रिचार्ज करेंगें।स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली की लम्बे लम्बे बिल नहीं आएंगे।

दरअसल, अब हरियाणा में बिजली बिलों के भुगतान की प्रक्रिया बदलने जा रही है, राज्य के सरकारी कार्यालयों और कर्मचारियों के घरों में प्रीपेड स्मार्ट बिजली मीटर लगाए जाएंगे, पहले चरण में सरकारी कर्मचारियों के घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे और दूसरे चरण में लोगों के घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे।

### टूट गया सस्ते घर का सपना !

हरियाणा में आर्थिक रूप से कमजोर लोगों का सस्ती दरों पर फ्लैट मिलने का सपना टूट गया है। हरियाणा सरकार ने प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत चलाई गई अफॉर्डेबल हाउसिंग पार्टनरशिप (एएचपी) योजना को रद्द कर दिया है। प्रदेश में जमीन महंगी होने और मल्टीस्टोरी बिल्डिंग अधिकांश शहरों में फिजिबल न होने के चलते सरकार के हाउसिंग फॉर ऑल विभाग ने इस योजना को रद्द कर दिया।इसके अलावा विभाग ने केंद्र सरकार की ओर से इस योजना के तहत मिले लक्ष्य को भी वापस कर दिया है। दरअसल, हाउसिंग फॉर ऑल के तहत प्रदेश सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत अफॉर्डेबल हाउसिंग पार्टनरशिप योजना के तहत सस्ते दरों पर फ्लैट मुहैया कराने का निर्णय लिया था। इस योजना में पात्र लोगों की पहचान करने के लिए वर्ष 2017 में सभी शहरों में घर-घर जाकर सर्वे भी कराया गया था।

ऐसे में पूरे प्रदेश में एक लाख 80 हजार 879 लोग इस योजना के तहत पात्र पाए गए थे, जिन्हें सरकार की योजना अनुसार प्राइवेट बिल्डरों से मल्टीस्टोरी बिल्डिंग बनवाकर शहर अनुसार पांच से सात लाख रुपये में फ्लैट मुहैया कराने थे।

इस योजना के तहत प्राइवेट बिल्डर को इडब्ल्यूएस लोगों को सस्ते दरों पर फ्लैट देने की एवज में केंद्र सरकार की ओर से 1.5 लाख और हरियाणा सरकार की ओर से एक लाख रुपये देने का प्रविधान किया गया था। मगर आठ साल बाद अचानक हाउसिंग फॉर ऑल विभाग हरियाणा ने यह कहकर योजना को बंद कर दिया कि प्रदेश के सभी शहरों में जमीन महंगी है।

## परीक्षा केन्द्रों की 200 मीटर की परिधि में किसी भी तरह का हथियार व मोबाइल फोन पर होगा प्रतिबंध : नेहा सिंह

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**कुरुक्षेत्र, 16 फरवरी।** जिलाधीश एवं उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि सीबीएसई की 10वीं व 12वीं की परीक्षाओं को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 लगाने के आदेश जारी किए गए है। इन आदेशों के तहत परीक्षा केन्द्रों की 200 मीटर की परिधि में किसी भी व्यक्ति को हथियार और मोबाइल फोन ले जाने की इजाजत नहीं दी जाएगी। जिलाधीश नेहा सिंह ने जारी आदेशों में कहा कि सीबीएसई की 10वीं व 12वीं कक्षाओं की परीक्षाओं को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए बीएनएसएस 2023 की धारा 163 लगाने के आदेश जारी कर दिए गए है। यह आदेश 4 अप्रैल 2025 तक सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 1 बजकर 30 मिनट तक लागू रहेंगे। इन आदेशों के दौरान परीक्षा केन्द्रों की 200 मीटर की परिधि में किसी भी व्यक्ति को हथियार, मोबाइल फोन ले जाने की इजाजत नहीं दी जाएगी। इसके साथ ही स्कूलों के पास फोटोस्टेट की मशीन भी दुकानदार बंद करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि सीबीएसई बोर्ड नई दिल्ली द्वारा 10वीं व 12वीं सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाओं का आयोजन 4 अप्रैल 2025 तक किया जा रहा है। इन परीक्षाओं को सुचारू रूप से सम्पन्न करवाने के लिए आदेश जारी किए गए है। इन आदेशों की पुलिस प्रशासन व सम्बन्धित एसडीएम पालना करवाना सुनिश्चित करेंगे। अगर कोई व्यक्ति आदेशों की अवहेलना करेगा तो उसके खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 223 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## वाह वोमेनिया-एक्सीलेंस अवार्ड सीजन-4 आयोजित




**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**चंडीगढ़, 16 फरवरी।** एनए कल्चरल सोसाइटी द्वारा इनर व्हील क्लब चंडीगढ़ सिटी ब्यूटीफुल के संयुक्त सहयोग से वाह वोमेनिया-एक्सीलेंस अवार्ड सीजन 4 का आयोजन सेक्टर 38 स्थित रानी लक्ष्मीबाई ऑडिटोरियम, चंडीगढ़ में किया गया। इस कार्यक्रम में अंजू मोदगिल, विमला गुगलानी, अनुराधा, साक्षी नैय्यर, सहित ट्राईसिटी की उन 180 महिलाओं और व्यक्तियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने समाज में अपने महत्वपूर्ण योगदान और जनकल्याण के लिए उत्कृष्ट कार्य किए हैं। सभी विजेताओं को ट्रॉफी और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।एनआरआई सुदर्शन गर्ग का विशेष सहयोग रहा। मुख्य अतिथि चंडीगढ़ नगर निगम की मेयर हरप्रीत कौर बबला ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इसके अलावा, सम्मानित अतिथि संजीव व सारा और एक्टर दिविता जुनेजा, विशेष अतिथि इनर व्हील क्लब डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन सुजाता आहूजा, एनए कल्चरल सोसाइटी की फाउंडर प्रेसिडेंट निखार आनंद मिड्ढा, इनर व्हील क्लब चंडीगढ़ सिटी ब्यूटीफुल की प्रेसिडेंट अनिता मिड्ढा, वाईस प्रेसिडेंट सरबानी दत्ता, सेक्रेटरी मोनिका आर्या,जॉइंट सेक्रेटरी कुलविंदर, और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। एनए कल्चरल सोसाइटी की फाउंडर प्रेसिडेंट निखार आनंद मिड्ढा ने सोसाइटी द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों पर प्रकाश डालते हुए समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इनर व्हील क्लब चंडीगढ़ सिटी ब्यूटीफुल की प्रेसिडेंट अनिता मिड्ढा ने भी इस अवसर पर कहा कि सोसाइटी द्वारा किए गए समाजसेवा के कार्य सराहनीय हैं।

## लोहारू में बलिदानी किसान महावीर के बलिदान दिवस पर 19 को होगा कार्यक्रम



**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**लोहारू, 16 फरवरी।** हरियाणा प्रदेश के किसान आंदोलनों में पहले बलिदान हुए महावीर सिंह फरटिया की 42 वीं बरसी पर 19 फरवरी को बलिदानी किसान भवन में कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें भिवानी जिले के अलावा अनेक जिलों से किसान पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि देंगे।

यह जानकारी देते हुए बलिदानी किसान महावीर भवन के मैनेजर उमेद सिंह फरटिया ने बताया कि हर वर्ष की तरह 19 फरवरी को बलिदानी महावीर सिंह को श्रद्धांजलि दी जाएगी तथा उसके परिजनों के अलावा बलिदानी के नाम से जमीन दान करने वाले हरिसिंह दलाल परिवार और घायल हुए किसान के परिवार को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में किसानों द्वारा अनेक प्रस्ताव रखे जाएंगे तथा आगामी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। किसान महावीर सिंह फरटिया 19 फरवरी 1981 को किसान आंदोलन के दौरान गोलियां लगने से शहीद हुए थे।

## सैक्टर चार में शबद कीर्तन से संगत हुई निहाल

**हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया**

**करनाल, 16 फरवरी।** करनाल के सेक्टर 4 पार्ट 2 प्लॉट नंबर 218 में सेवा सिमरन सोसाइटी नानकसर करनाल की ओर से अमर शहीद धन-धन बाबा दीप सिंह जी के जन्म दिहाड़े को समर्पित महान गुरमत समागम करवाया गया । गुरमत समागम साहब श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की छत्रछाया में सुंदर फूलों से सजी स्टेज पर साहिब श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को सुशोभित कर खुले पंडाल में करवाया गया । इस समागम में सिख पंथ के महान रागी भाई गगनदीप सिंह नानकसर सिंघाड़ा वालों ने रसमई कीर्तन से संगत को निहाल किया। इस कीर्तन समागम में संत त्रिलोचन सिंह नानकसर सिंघाड़ा वालों विशेष तौर पर शामिल हुए । इस कीर्तन समागम में पंथ के महान रागी भाई सरबजीत सिंह पटना साहिब वालों ने गुरबाणी कीर्तन कर संगत को निहाल किया कीर्तन समागम सवेरे 11:00 बजे से आरंभ होकर दोपहर &:00 बजे तक चला। सुबह से ही सैकड़ो की संख्या में संगत कीर्तन समागम में पहुंची और श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को शारदा भावना से माथा टेका ।

सिमरन समिति की तरफ से सरदार परमजीत सिंह, सुखराम सिंह बेदी व गुलजार सिंह चीमा ने आए सभी रागी व प्रचारकों को सिरोंपा देखकर सम्मानित किया। भाई मेजर सिंह ने स्टेज की सेवा बखूबी निभाई । संत त्रिलोचन सिंह नानकसर सिंघाड़ा वालों ने संगत को नाम सिमरन करवाया और संगत को गुरबाणी से जुड़े रहने की अपील की। इस समागम के बारे में जानकारी देते हुए सेवा सिमरन सोसाइटी नानकसर के मेंबर सुखराम सिंह बेदी ने कहा धन धन श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की कृपा से संत बाबा राम सिंह सिंघाड़ा वालों की प्रेरणा से सेवा सिमरन सोसाइटी जो कई सालों से पानीपत में सेवा कर रही थी अब 2 सालों से करनाल में भी सेवा कर रही है और पिछले साल की तरह इस बार भी सोसाइटी की तरफ से अमर शहीद बाबा दीप सिंह जी की शहादत को समर्पित कीर्तन समागम करवाया जा रहा है जिसमें सैकड़ो की संख्या में संगत पहुंची है।

# नारायण सेवा संस्थान का दिल्ली शिविर: सैकड़ों दिव्यांगों को जगी नई जिंदगी की उम्मीद

## 550 से ज्यादा दिव्यांग पहुंचे, 352 का लिया मेजरमेंट और 101 ऑपरेशन चयनित




**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**नई दिल्ली, 16 फरवरी।** नारायण सेवा संस्थान, उदयपुर के तत्वावधान में रविवार को दिल्ली के गोल्डन क्राउन, जापानीज पार्क, रोहिणी में निःशुल्क ऑपरेशन जांच-चयन और नारायण लिंब व केलिपर्स माप केम्प आयोजित हुआ। शिविर के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि नेशनल थर्मल पॉवर कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक महेश कंडे, त्रिलोकनाथ गोयल और समारोह अध्यक्ष संरक्षक सत्यभूषण जैन,समाज सेवी भीमसेन मित्तल विशिष्ट अतिथि सुप्रसिद्ध कथावक्ता दयालुजी महाराज और एनटीपीसी की हेड संगीता, सीएस डिम्पी ने दीप प्रज्ज्वलित किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में मौजूद दिव्यांग, उनके परिजनों और दिल्ली के सम्मानित सदस्यों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि निदेशक महेश ने कहा मैं संस्थान की सेवाएं देखकर अभिभूत हूँ। दिव्यांगों को मदद के लिए आगे आने पर संस्थान के अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल और पूरी टीम का अभिनंदन करता हूँ। नारायण सेवा संस्थान के दिव्यांग सशक्तिकरण के कार्य समाज के लिए प्रेरणादाई है। शिविर में दिल्ली एनसीआर के नहीं अपितु राजस्थान, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार और यूपी के रोगीयों ने भी शामिल होकर लाभ उठाया।अध्यक्षता कर रहे सत्यभूषण जैन ने कहा संस्थान दिव्यांगों को शारीरिक, सामाजिक, आर्थिक एवं बौद्धिक रूप से सशक्त ही नहीं करता बल्कि उन्हें नया जीवन दे रहा है। यही सच्ची नारायण सेवा है। प्रारम्भ में संस्थान ट्रस्टी एवं निदेशक देवेंद्र चौबीसा ने मुख्य अतिथियों और मंचासीन अतिथियों का मेवाड़ी परंपरा से अभिनंदन किया। साथ ही ट्रस्टी ने संस्थान की निःशुल्क सेवाएं ऑपरेशन,नारायण लिम्ब लगाना, 5000 लोगों को रोज भोजन करना,आर्थिक रूप से असमर्थ 600 मजदूरों के बच्चों के लिए निःशुल्क नारायण चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल चलाना, सैकड़ो दिव्यांगों को स्वरोजगार के कंप्यूटर, मोबाइल, सिलाई, मेहंदी का प्रशिक्षण देना और उनका सामूहिक विवाह कर घर बसाने जैसे अनेक प्रकल्पों की जानकारी दी। उन्होंने आज के केम्प की जानकारी देते हुए कहा 570 रोगी आये। बच्चे,वयस्क,वृद्ध और महिलाओं के सभी आयु वर्ग से दिव्यांग ने केम्प का लाभ उठाया। शिविर आयोजन में सीएसआर सहयोगी के रूप में रिलो पावर इंडिया प्राइवेट संस्थान के संग सहभागी बना है। शिविर प्रभारी जतन सिंह भाटी एवं हरि प्रसाद लढ्ढा ने केम्प रिपोर्ट बताते हुए कहा आज शिविर में संस्थान डॉक्टर व पीएंडओ टीम ने सैकड़ों जन की जाँच की। मेजरमेंट लेते हुए 210 दिव्यांगों का नारायण लिंब हाथ - पैर और 141 जन का केलिपर्स लगाने का माप लिया। डॉ शिंदे ने करीब 101 दिव्यांग रोगियों का चयन शल्य चिकित्सा हेतु किया। इन सभी का निःशुल्क ऑपरेशन होगा।शिविर में दिल्ली एनसीआर के नहीं अपितु राजस्थान, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार और यूपी के रोगीयों ने भी शामिल होकर लाभ उठाया। डॉ प्रवंजन साहू ने कहा कास्टिंग और मेजरमेंट के लिए चयनित दिव्यांगों को करीब 2 से 3 माह बाद नारायण लिम्ब पुनः दिल्ली में शिविर कर पहनाए जाएंगे। संस्थान द्वारा निर्मित ये नारायण लिंब गुणवत्ता युक्त है और वजन में हल्के हैं। उपयोग में टिकाऊ रहेंगे।

# आयुर्वेदिक पौष्टिक आहार- सिवानी दूध - धारा

## आयुर्वेदिक जड़ी बूंटी एवं कई प्रकार के शुद्ध अनाजों से बना पोष्टीक आहार पशुओं के लिए रामबाण साबित हो रहा है



**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**हिसार, 16 फरवरी।** अगर पशुओं को सही तरीके का पौष्टिक आहार न मिले तो पशु कई तरीके के कुपोषण का शिकार होने से पशुओं में कमियां आ जाती है जैसे पशु ठीक समय पे गयाभ ना होना, बार बार रिपीट होना, पुरा समय दूध ना देना, अंग चला जाना, पशु का बीमार पड़ जाना ऐसे में पशुओं को तंदुरुस्त रखने के लिए उन्हें पौष्टिक आहार देने से पशु आने वाली बीमारियों से बचता ह एवं पशुओं में दूध देने की क्षमता तो बढ़ जाती है इसके साथ साथ पशु अच्छी गुणवत्ता वाला दूध देता है। अजीत सिवानी ने बताया कि उनके द्वारा दिए सोलह मिश्रित लवणीय आहार दिया जाता है जिससे पशु तंदुरुस्त रहते है ऐसे में हरियाणा पंजाब हिमाचल राजस्थान पंजाब उत्तर प्रदेश के हजारों किसानो को इससे जुड़ कर फायदा मिल रहा है। उन्होने कहा कि देश के प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सोच है किसानो की आय दो गुणा होनी चाहिए ताकि किसान अपने परिवार का अच्छे से लालन पोषण कर सके।

हिसार में टीटीसी लगे कृषि मेले में प्रैस वार्ता में अजीत सिवानी ने बताया उनकी भी यही सोच है कि पशु पालकों की आय में लगाार बढ़ोतरी होनी है उनके द्वार तैयार किए गए सम्पूर्ण एवं संतुलित पशु आहार से दस हजार से अधिक किसानो को फायदा मिल चुका है।

अजीत सिवानी ने बताया कि पशुओ के लिए तैयार किए जाने वाले मिश्रण में हल्दी ,आंवला, गुड़, मक्का ,सैंधा नमक, चना, मैथी, मूंग, जौ, तारामीरा, सोयबीन, मिठा सोठा,खारा तुम्बा, खल बिलौना साऊथ से सोलह प्रकार के खाद्य पदार्थो का मिश्रण किया जाता है और उससे पशुओ को लिए पोष्टिक पशु आहार तैयार किया जाता है यह संतुलित आहार पशुओ के लिए रामबाण साबित हो रहा है। उन्होंने कहा सिवानी दूध -धारा खिलाने से पशु की सुंदरता बढ़ती एवं ब्रीड तैयार करने के लिए काफी किफायती साबित होता है।

# 5 दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के लिए पत्रकार शिमला रवाना

## जिला परिषद के वाईस चेयरमैन धर्मपाल चौधरी ने दिखाई हरी झंडी

## राष्ट्रीय संगोष्ठी में राज्यपाल से सम्मानित होंगे मंच से जुड़े सभी पत्रकार



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 16 फरवरी।** भारतीय पत्रकार कल्याण मंच रजि. राष्ट्रीय मुख्यालय कुरुक्षेत्र की ओर से राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के लिए पत्रकारों का एक टूर पिपली पैराकीट विश्राम गृह से शिमला (हिमाचल) के लिए रवाना हुआ। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं जिला परिषद कुरूक्षेत्र के वाईस चेयरमैन डी.पी. चौधरी ने बतौर मुख्यातिथि पत्रकारों के टूर को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस दौरान भारतीय पत्रकार कल्याण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन आश्री, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष जसबीर सिंह दुग्गल, राष्ट्रीय सचिव सतनाम सिंह, मंच के हरियाणा वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमप्रकाश राय, प्रदेश के ज्वाईंट सैक्रेटरी अजय ठाकुर समेत वरिष्ठ पत्रकार मौजूद रहे। हरी झंडी देने से पहले पत्रकारों से बातचीत करते हुए वाईस चेयरमैन डी.पी. चौधरी ने कहा कि भारतीय पत्रकार कल्याण मंच पत्रकारों को ओर ज्यादा आगे बढ़ने का मौका दे रहा है क्योंकि पत्रकारों का सफर चुनौतियों भरा रहता है। ऐसे में बिना प्रशिक्षण के पत्रकार अपने कार्य को बेहतर तरीके से नही कर सकते। भारतीय पत्रकार कल्याण मंच ही एक ऐसा संगठन है, जो पूरे भारत देश के पत्रकारों को समय-समय पर राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर प्रशिक्षण दे रहा है, जोकि काबिलेतारीफ है। भारतीय पत्रकार कल्याण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन आश्री, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष जसबीर सिंह दुग्गल व चंडीगढ़ से ओमप्रकाश राय ने बताया कि भारतीय पत्रकार कल्याण मंच की तरफ से करीब 27 वर्षों से पत्रकारों के प्रशिक्षण के लिए यह टूर ले जाया जाता है। जिसमें देश के विभिन्न राज्यों के पत्रकार हिस्सा लेकर अपने अनुभव भी सांझे करते हैं। उन्होंने बताया कि 5 दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में पत्रकारों की चुनौतियों समेत कई विषयों पर चर्चा की जाएगी। हिमाचल प्रदेश के महामहिम राज्यपाल टूर में शामिल पत्रकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी करेंगे। उन्होंने बताया कि यह टूर शिमला से 20 फरवरी को कुरुक्षेत्र के पिपली पैराकीट में लौटेगा।

18 फरवरी को प्रातःकाल शिमला में भारतीय पत्रकार कल्याण मंच की ओर से एक राष्ट्रीय संगोष्ठी होगी, जिसमें हिमाचल प्रदेश के महामहिम राज्यपाल हिस्सा लेंगे। इसके अलावा राष्ट्रीय संगोष्ठी को हिमाचल के मंत्री अनिरुद्ध कुमार, पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश भारद्वाज, हिमाचल भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिन्दल, लोक संपर्क विभाग हिमाचल के महानिदेशक आई.ए.एस. राजीव कुमार के अलावा अनेक गणमान्य लोग संबोधित करेंगे। इसके अलावा भी सभी पत्रकार हिमाचल प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर शिमला व आस पास के ऐतिहासिक स्थलों का अवलोकन करेंगे। भारतीय पत्रकार कल्याण मंच के कार्यों की जानकारी देते हुए पवन आश्री व जसबीर सिंह दुग्गल ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी मंच से जुड़े सभी पत्रकारों का 10-10 लाख रूपए का दुर्घटना मृत्यु बीमा एवं लगभग अढ़ाई लाख रूपए का मेडिक्लेम भी करवाया गया है। इस टूर में सतनाम सिंह, अजय ठाकुर, किरण राय, नमन, पृथ्वी सिंह, पवन वर्मा, रोहित लामसर, छाया शर्मा, राजकुमार भारद्वाज, राजेश कुमार, कृष्ण लाल, मुनीष, कपिल मैहता, हरीश मदान, सौरव सिंगला, बलदेव बरेटा, महाबीर प्रसाद, सदानंद, पवन बंसल, पीयूष बंसल, महाबीर प्रसाद गर्ग, योगेंद्र शर्मा, सुमन, जयभगवान अत्री, किरण राय, प्रदीप कुमार, सिमन कुमार, रामनिवास, धर्मबीर व पंकज ठाकुर समेत कई पत्रकार शामिल रहे।

# नगर परिषद अम्बाला सदर चुनावों के लिए भाजपा नेता संजीव सोनी संयोजक नियुक्त

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**अम्बाला/चंडीगढ़, 16 फरवरी।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने आज नगर परिषद अम्बाला सदर चुनावों के लिए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता संजीव सोनी (बब्बू सोनी) को संयोजक नियुक्त किया है।

गौरतलब है कि संजीव सोनी को बीते वर्ष हुए विधानसभा चुनाव में भी अम्बाला छावनी से चुनाव समिति का संयोजक नियुक्त किया गया था। विधानसभा चुनाव में संजीव सोनी के बेहतर कार्य को देखते हुए संजीव सोनी को अब पुनः संयोजक पद की जिम्मेदारी दी गई है। संजीव सोनी भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता है जोकि भाजपा में विभिन्न पदों पर रहते हुए बेहतर कार्य कर रहे हैं।

वहीं, संयोजक संजीव सोनी ने अपनी इस नियुक्ति के लिए कैबिनेट मंत्री अनिल विज का आभार जताते हुए कहा कि जिस प्रकार विधानसभा चुनावों में भाजपा ने अम्बाला छावनी से जीत दर्ज की थी, उसी प्रकार नगर परिषद चुनावों में अम्बाला छावनी से प्रत्याशी जीत दर्ज करेंगे।

## रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र ने भोजन वितरण के साथ साथ शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए लिया निर्णय



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 16 फरवरी।** रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र की एक आवश्यक बैठक रोटी बैंक कार्यालय में की गई। यह बैठक रोटी बैंक के प्रधान सेवक डॉ अशोक कुमार वर्मा की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में रोटी बैंक के वरिष्ठ उप प्रधान भारतेन्दु हरीश, उप प्रधान विश्व बेदी, महासचिव कर्म चंद, सचिव नरेश मैहता, कोषाध्यक्ष नरेश सैनी, अंकेक्षक डॉ एम एम सिंह और सदस्य डॉ अरुण धीमान, सुषमा वर्मा एवं निकुंज उपस्थित रहे। बैठक में रोटी बैंक के कार्यों पर चर्चा करते हुए इसके विस्तार पर चर्चा हुई। रोटी बैंक द्वारा नियमित भोजन वितरण जिसमें सब्जी, दाल, पूरी, रोटी, चावल, राजमा, छोले, खीर, हलवा, फल, सूखा राशन वितरण, सर्दी में गर्म वस्त्र और जर्सी कंबल वितरण, ग्रीष्म ऋतू में अन्य वस्त्र वितरण, जूते वितरण, मिष्ठान वितरण, स्वच्छता के लिए साबुन, टूथ पेस्ट आदि भी वितरित किए जा रहे हैं। इसके साथ रोटी बैंक द्वारा समय समय पर स्वच्छता, जनसंख्या नियंत्रण, नशे से दूर रहने के लिए भी जागरूक किया जा रहा है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि इनके साथ ही झुग्गी झोपडी और ईंट भट्ठे आदि स्थानों पर बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित करने का भी कार्य किया जाए और इस वर्ष से कुछ बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिए उनकी हर संभव सहायता की जाए। रोटी बैंक के सभी पदाधिकारियों ने एकमत से इस पर सहमति प्रदान की। प्रधान सेवक डॉ अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि रोटी बैंक से कोई भी व्यक्ति जुड़ सकता है। रोटी बैंक पुलिस और जनता के संयुक्त तत्वाधान में चलायमान है। रोटी बैंक का श्रीगणेश सेवानिवृत अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव द्वारा वर्ष 2017 में किया गया था।

## कुवि में 34वें दीक्षांत समारोह के लिए रिहर्सल आज

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 16 फरवरी।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के श्रीमद्भगवद्गीता सदन (केयू आडिटोरियम हॉल) में 18 फरवरी 2025 को होने वाले 34वें दीक्षांत समारोह की तैयारियां जोरों पर है। 34वें दीक्षांत समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए 17 फरवरी दिन सोमवार को केयू आडिटोरियम हॉल में दोपहर 2 बजे रिहर्सल की जाएगी, जिसमें दीक्षांत समारोह से संबंधित सभी कमेटी के संयोजक, सदस्य, अधिकारीगण तथा डिग्री, उपाधि, एवं गोल्ड मेडल के विद्यार्थी भाग लेंगे। दीक्षांत समारोह के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ ने संबंधित कमेटी संयोजकों, सदस्यों तथा अधिकारियों से बात कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए हैं। गौरतलब है कि 18 फरवरी को होने वाले 34वें दीक्षांत समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्यातिथि, हरियाणा के राज्यपाल एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय, हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, इसरो के प्रतिष्ठित अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉ. एस सोमनाथ तथा कुरुक्षेत्र के लोकप्रिय सांसद नवीन जिंदल, कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा व कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल की बतौर विशिष्ट अतिथि गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। केयू परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि 34वें दीक्षांत समारोह में 212 शोधार्थियों को अतिथियों द्वारा पीएचडी उपाधि दी जाएगी। समारोह में 2959 यूजी व पीजी विद्यार्थियों को डिग्री तथा 91 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल एवं सर्टिफिकेट दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि दीक्षांत समारोह में यूजी के 1186 तथा पीजी के 1773 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की जाएगी।

## गीता विद्या मंदिर में हर्षोल्लास से मनाया विदाई समारोह



**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**शाहाबाद मारकंडा, 16 फरवरी।** गीता विद्या मंदिर में दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया । समारोह में विद्यालय समिति के अध्यक्ष आशुतोष गर्ग, समिति प्रबंधक अमित अग्रवाल, समिति के सदस्य हरप्रीत, कलसाना के प्रिंसिपल संजय मित्तल और प्रधानाचार्या निशा गोयल सम्मिलित हुए। नौवीं कक्षा ने दसवीं कक्षा को विदाई समारोह पर अपनी यादों की फोटो को फ्रेम में लगा कर गिफ्ट किया और बोर्ड की परीक्षाओं में सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। बच्चों ने इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया । इस दौरान स्कूल के छात्राओं ने बैलून गेम, म्यूजिक चेयर डांस, कप पिरामिड गेम और अन्य खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। तत्पश्चात मिस्टर शुभम को गीता विद्या मंदिर और मिस रवनीत कौर को गीता विद्या मंदिर चुना गया । प्रधानाचार्या निशा गोयल ने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए कामना करते हुए बोर्ड परीक्षाओं में अच्छे अंक लेकर आने, जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए बोर्ड परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर स्कूल स्टाफ व बच्चे उपस्थित रहे।

## किलकारी योजना गर्भवती महिलाओं के लिए हो रही है वरदान साबित



**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**शाहाबाद मारकंडा ?, 16 फरवरी।** शाहाबाद की वाल्मीकि बस्ती में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में आशा वर्कर नीतू और मीना की अध्यक्षता में महिलाओं के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आशा वर्करों ने गर्भवती महिलाओं को किलकारी योजना के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महिलाएं गर्भवती होने पर टीकाकरण कार्ड बनवाते समय जो मोबाइल नंबर लिखवाती हैं उस नंबर पर केंद्र सरकार की ओर से 01244451660 नंबर से कॉल आती है। 4 माह के पहले सप्ताह से यह कॉल आनी शुरू हो जाती है और बच्चों के 1 वर्ष होने तक कुल 72 कॉल आती हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी कारणवश कोई महिला कॉल नहीं सुन सके तो बाद में 14423 पर कॉल करके संदेश को फिर से सुना जा सकता है। यह योजना इसलिए चलाई गई है कि महिलाएं घर बैठे अपना और अपने होने वाले बच्चे का ध्यान रख सके और किसी भी आने वाले खतरे की पहचान कर सके और सही समय पर सही फैसला ले सके। उन्होंने कहा कि गर्भावस्था में महिलाओं को अपने खानपान का विशेष ध्यान रखना चाहिए तथा स्वस्थ व पौष्टिक भोजन ही लेना चाहिए। इस कार्यक्रम में नीतू, मीना, सोनिया, अंजलि, केसर, कुसुम, सुमन और रजनी सहित काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

## पीजी के असामाजिक गतिविधियों की लोगों ने की शिकायत, पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए लोगों ने रखी समस्याएं

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**हिसार, 16 फरवरी।** शहर के रामपुरा मोहल्ला में चल रहे एक पीजी में असामाजिक गतिविधिया होने का आरोप लगाते हुए क्षेत्रवासियों ने पुलिस को शिकायत दी है। संचालित पीजी और उनसे जुड़ी असामाजिक गतिविधियों के खिलाफ निवासियों ने पुरानी सब्जी मंडी चौकी में शिकायत दर्ज करवाई है।



पुलिस को शिकायत देने पहुंचे लोगों का नेतृत्व रामपुरा मोहल्ला एसोसिएशन के प्रधान आशीष गोदारा ने किया। निवासियों का कहना है कि बिना किसी अनुमति और पुलिस सत्यापन के चल रहे पीजी से क्षेत्र में अपराध, असुरक्षा और सामाजिक समस्याएं बढ़ रही हैं। इस मुद्दे को लेकर हिसार पुलिस के चौकी इंचार्ज को शिकायत सौंपी। लोगों ने पीजी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई। उन्होंने बताया कि कई मकान मालिक बिना किसी वैध अनुमति के पीजी चला रहे हैं, जहां बाहरी लोग बिना किसी पहचान-पत्र के रह रहे हैं। इससे क्षेत्र में अपराध और असामाजिक गतिविधियों का खतरा बढ़ गया है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि किसी को कोई संदिग्ध गतिविधि नजर आती है या किसी भी तरह की समस्या होती है, तो उसे तुरंत मोहल्ले के ग्रुप में साझा किया जाए, ताकि सामूहिक रूप से समाधान निकाला जा सके।

# कृषि दर्शन प्रदर्शनी में प्रगतिशील किसानों को किया सम्मानित

## प्रदर्शनी में कृषि मंत्री ने ड्रोन उड़ा कर देखा, अब बाइक पर भी ले जाया जा सकेगा ड्रोन

**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र कुमार**
**हिसार, 16 फरवरी।** प्रदर्शनी के दूसरे दिन कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने लक्की ड्रा निकाला। जिसमें लक्की सिंह गांव जूई को रोटरा वैल्डर ईनाम में निकला। कृषि मंत्री के द्वारा प्रदर्शनी में दूसरे दिन हरियाणा प्रदेश के 26 प्रगतिशील किसानों को सम्मानित भी किया गया। ये किसान पराली प्रबंधन व प्राकृतिक खेती से सम्बन्धित कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

इसके अलावा प्रदर्शन में ड्रोन भी आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। किसानों को ड्रोन खेत में ले जाने के लिए किसी लोडिग वाहन की अब जरूरत नहीं पड़ेगी। अब वह ड्रोन को अपनी बाईक पर भी ले जा सकेगें। टीटीसी में आयोजित प्रर्दशनी में मारूत ड्रोन के बारे में अवगत करवाया गया। इस ड्रोन की मुख्य विशेषता यह है कि 25200 एमएएच की बैटरी लगी हुई है जिसे एक बार चार्ज करने पर 23 मिनट तक उड़ाया जा सकता है। 10 लीटर की इसकी क्षमता है। 3 एक-ड़ में एक बार में स्प्रे कर सकता है। इस पर कैमरा भी लगाया जा सकता है जिससे किसान फसलों में हो रही बिमारियों को पता लगा सकेगा और समय पर रोकथाम कर सकेगा। बाईक पर ले जाने के लिए कम्पनी द्वारा इसका लोहे का ढांचा बनवाया गया है।

**मशीन एक काम अनेक : स्वरूप**
किसानों को जमीन की फसलों की बुआई करनी हो या बिजाई करनी हो या जमीन को समतल करना हो सभी अलग-अलग प्रकार की मशीनों को इस्तेमाल करना पड़ता है। टीटीसी में आयोजित प्रर्दशनी के दौरान संगरिया जिला से आए



स्वरूप ने किसानों को अपनी नई मशीन मल्टी एस 311 से किसानों को रूबरू करवाया जिसकी मुख्य विशेषता यह है कि जमीन को समतल इसी मशीन से किया जा सकता है।

**स्कूटर कम ट्रैक्टर**
कृषि दर्शन प्रर्दशनी में किसानों को स्कूटर कम ट्रैक्टर रहा आर्कषण का केंद। यह पैट्रोल से चलता है, संकरे रस्तों पर काम कर सकता है। खास कर बागबानी वाले इसका इस्तेमाल ज्यादा कर रहे है। 12 हॉर्स पावर का यह ट्रैक्टर स्वराज द्वारा कोड के नाम से है। फोर स्ट्रोक इंजन है। आगे के 6 और पीछे के 3 गियर है। इसकी धीमी स्पीड लगभग 2 से भी कम जो इसकी कार्य क्षमता को बढ़ाता है और अधिकतम स्पीड 16 है।

**कांसे थाली के दे रहे फ्री में पैरों की मसाज : डॉ संजय**
दवा युक्त नहीं दवा मुक्त भारत अभियान के तहत प्रदर्शनी में किसान व आमजन को तीनों दिन फ्री में कांसे थाली की पैरों की मसाज कर रहें है। डॉ संजय ने बताया कि हम आयुर्वेद पर काम करते है हमारे आयुर्वेद में हर प्रकार के रोगों का दमन करने के लिए क्षमता है। इस थैरेपी से पैरों से लेकर सिर की चोटी तक प्रभाव पड़ता है। बाल, आंखों की नजर का ठीक होना, नींद अच्छी आना, नसों की ब्लॉकेज को ठीक करता है, टांगों व पैरों के पुराने से पुराने दर्द को ठीक करता है, पाचन में सुधार करता है, चिड़चिड़ापन को दूर करता है, लीवर किडनी सुचारू रूप से काम करने लगती है। अनको तरह के इस थैरेपी की फायदे है। हमारा दूसरा दिल हमारी पिंडलियों में होता है, आपकी पिंडलियां अगर नरम है तो आपका दिल स्वस्थ है यदि नहीं तो शरीर कई तरह की बिमारियां पनप रही है।

**गोबर से बनेगें पैसे**
इस बार किसानों ही आमजन की आमदनी को बढ़ाने के लिए टीटीसी में आयोजित प्रदर्शनी में पहली बार कैसे गोबर से गिट्टी बनाई जाती है, के लिए जगजीत ग्रुप ने मशीन के बारे में रूबरू करवाया। लगभग 2 किलोवाट की मोटर लगी हुई है। मशीन में पानी अलग हो जायेगा और गोबर की गिट्टी अलग बन जायेगी। इसकी बनाई हुई गिट्टी को कोयले की जगह भी इस्तेमाल किया जा सकता है और आप अपनी आमदनी को जितना चाहे उतना बढ़ा सकते है।

# बिश्नोई सभा ने मुख्यमंत्री नायब सैनी को सौंपा ज्ञापन

## मुख्यमंत्री हंसकर बोले, मैं आपकी बात व भावनाएं समझ गया

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**हिसार, 16 फरवरी।** अखिल भारतीय जीव रक्षा बिश्नोई सभा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को ज्ञापन सौंपकर नर नील गाय को मारने वाला फैसला वापिस लिए जाने की मांग की है। टीटीसी में कृषि दर्शन एक्सपो का उद्घाटन करने पहुंचे मुख्यमंत्री को सभा ने नील गाय का स्मृति चिन्ह व अपना मांग पत्र दिया। जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं आपकी भावनाएं समझता हूं।



मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को ध्यान से सुना और कहा कि मामला सरकार के संज्ञान में है, हम जनभावना के अनुरूप ही कार्य करेंगे और अधिकारियों को इस संबंध में उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। सभा पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को नील गाय का फोटो लगा स्मृति चिन्ह दिया और कहा कि ये बोल नहीं सकते हम बोल सकते हैं। इस पर मुख्यमंत्री बोले कि मैं आपकी बात अच्छे से समझ गया।

अखिल भारतीय जीव रक्षा बिश्नोई सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनोद कड़वासरा व हिसार जिला प्रधान चन्द्र सिंह सहारण के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने ये ज्ञापन मुख्यमंत्री को सौंपा। प्रदेश अध्यक्ष विनोद कड़वासरा ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में प्रधान मुख्य वन संरक्षक से बात की है। वन संरक्षक ने जानकारी दी कि 7 नवंबर 1996 को उस समय सरकार द्वारा इस तरह का आदेश जारी किया गया था। इसके बाद अब सरकार द्वारा नया कोई आदेश जारी नहीं किया गया है। फिर भी जन भावनाओं को मद्देनजर रखते हुए वन्य प्राणी संरक्षण नियम-2024 के नोटिफिकेशन पर रोक लगा दी गई है, इस पर पुनर्विचार किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में उपरोक्त दोनों पदाधिकारियों के अलावा अखिल भारतीय जीव रक्षा बिश्नोई सभा के राष्ट्रीय संयोजक धर्मसिंह खीचड़, उपाध्यक्ष विनोद खिलेरी मल्लापुर, जिला फतेहाबाद प्रधान राधेश्याम सरपंच गांव नागपुर, जिला बार एसोसिएशन हिसार के प्रधान एडवोकेट विनय बिश्नोई, जिला बाहर एसोसिएशन हिसार के पूर्व प्रधान एडवोकेट मनदीप बिश्नोई, खंड आदमपुर जीव रक्षा अध्यक्ष कृष्ण राहड़ व गांव काजला से सीताराम सहारण शामिल थे।

# हरियाणा में भाजपा के पक्ष में एकतरफा माहौल : विजेंद्र मैहला

## कहा : निकाय चुनाव में हर वार्ड में खिलेगा कमल का फूल

**हरियाणा वाटिका/विकास कुमार**
**कैथल, 16 फरवरी।** भाजपा ढांड मंडल अध्यक्ष विजेंद्र मैहला जडौला ने कहा कि निकाय चुनाव को लेकर हरियाणा में भाजपा के पक्ष में एकतरफा माहौल बना हुआ है। भाजपा हर चुनाव को गंभीरता से लड़ती है, इसलिए सभी वार्डों में कमल खिलाने के लिए भाजपा की टीम तैयार है। उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है वह करके दिखाती है। जनता ने भाजपा के विकास कार्यों और रीति नीतियों से



प्रभावित होकर तीसरी बार प्रदेश में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई है। कस्बे में अपने प्रतिष्ठान पर बातचीत करते हुए भाजपा नेता विजेंद्र मैहला ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जनहित में निर्णय लेकर प्रदेश के लोगों की सेवा कर रहे हैं। हरियाणा में ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी और तीन गुणा तेजी से प्रदेश का विकास होगा।

जनता सरकार बनाकर क्षेत्र के ट्रिपल इंजन की विकास में सहयोग करें। नगर निकाय चुनाव में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली तथा पार्टी के अन्य नेता चुनाव के मैदान में उतरकर प्रत्याशियों के लिए प्रचार-प्रसार करेंगे और नोमिनेशन भी कराएंगे।

भाजपा ढांड मंडल अध्यक्ष विजेंद्र मैहला ने कहा कि जनता कांग्रेस को नकार चुकी है, इसलिए जनाधार खो चुकी कांग्रेस निकाय चुनाव में ऑल आउट हो जाएगी। मैहला ने दावा करते हुए कहा कि हर वार्ड में भाजपा का कमल खिलेगा और मेयर व चेयरमैन भी भाजपा के ही बनेंगे। जनता भाजपा की नीतियों में आस्था जताते हुए विपक्ष का सुपड़ा साफ करने का काम करेगी।

# कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कृषि दर्शन प्रदर्शनी में की शिरकत

## -टीटीसी में कृषि दर्शन प्रर्दशनी देखने आए सवा लाख किसान, आधुनिक तकनीक के उपकरणों की ले रहे जानकारी






**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र कुमार**
**हिसार, 16 फरवरी।** सिरसा रोड स्थित उत्तरी क्षेत्र कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान टीटीसी केंद्र में आयोजित तीन दिवसीय कृषि दर्शन प्रदर्शनी के दूसरे दिन लोगों ने बढ-चढ़ के भाग लिया। शाम तक लगभग सवा लाख किसानों व आमजन ने ली जानकारी। कृषि दर्शन प्रदर्शनी के दूसरे दिन हरियाणा के कृषि एवं पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। उन्होंने इस अवसर पर प्रदर्शनी का भ्रमण कर नई व आधुनिक कृषि तकनीकों का अवलोकन किया और किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे खेती में उन्नत तकनीकों का समावेश कर उत्पादन क्षमता बढ़ाएं। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने अपने संबोधन में कहा कि यह प्रदर्शनी हरियाणा सरकार के कृषि मशीनीकरण अभियान को नई गति देने और किसानों को आधुनिक तकनीकों से जोडने.का एक सफल प्रयास है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा देश का पहला राज्य है, जहां सभी फसलें न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जा रही हैं। इससे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल रहा है और कृषि क्षेत्र में नई क्रांति का संचार हो रहा है।

प्रदर्शनी के दौरान कृषि मंत्री ने हवा में ड्रोन को उड़ाकर उसकी कार्यप्रणाली को समझा। उन्होंने कहा कि ड्रोन तकनीक से किसानों को कीटनाशकों एवं उर्वरकों का छिडकाव करने में सहायता मिलेगी, जिससे उत्पादन लागत में कमी आएगी और समय की बचत होगी। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे ड्रोन जैसी अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाकर खेती को अधिक लाभदायक बनाएं। इस अवसर पर हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज, टीटीसी निदेशक मुकेश जैन, कृषि विभाग के उपनिदेशक राजबीर सिंह, सहायक कृषि अभियंता ओमप्रकाश महिवाल सहित अनेक कृषि वैज्ञानिक, विशेषज्ञ और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# भारत विकास परिषद शाखा सीवन ने 8वें सामूहिक विवाह समारोह का किया सफल आयोजन

**हरियाणा वाटिका/राहुल**
**सीवन, 16 फरवरी।** भारत विकास परिषद शाखा सीवन ने समाज सेवा की मिसाल कायम करते हुए 5 जरूरतमंद परिवारों की कन्याओं का सामूहिक सरल विवाह समारोह बाबा नारायण दास सत्संग भवन में संपन्न करवाया। इस कार्यक्रम में दानी सज्जनों का विशेष योगदान रहा। परिषद द्वारा किए गए इस प्रयास की समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने सराहना की और इसे सेवा व सहयोग का अनुकरणीय उदाहरण बताया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्राध्यापिका व समाजसेविका संतोष शर्मा मुख्य अतिथि रहीं, जबकि समाजसेवी नीरज कंसल और राजीव शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर हरियाणा प्रांतीय अध्यक्ष धीरज भाटिया ने की, और विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में प्रांतीय महासचिव कपिल गुप्ता शामिल हुए। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथियों ने भारत माता के चित्र के समक्ष दीप



प्रज्वलित करके किया।

मुख्य अतिथि संतोष शर्मा ने कहा कि यह आयोजन समाज में सहयोग और सेवा की भावना को बढ़ावा देने वाला है। समाजसेवी नीरज कंसल ने इसे पुनीत कार्य बताते हुए कहा कि ऐसे प्रयास जरूरतमंद परिवारों के लिए एक नई आशा लेकर आते हैं। राजीव शर्मा ने कहा कि सामूहिक विवाह न केवल आर्थिक सहायता प्रदान करता है, बल्कि सामाजिक समरसता को भी मजबूत करता है। शाखा के उपाध्यक्ष महेंद्र मुंजाल, अधिवक्ता रमेश राणा व महिला सहभागिता प्रमुख सीमा राणा ने बताया कि यह शाखा का 8वां सामूहिक सरल विवाह समारोह था, जिसमें 5 कन्याओं का विवाह पूर्ण रीति-रिवाजों के साथ संपन्न करवाया गया। नवविवाहित दंपतियों को गृहस्थी का आवश्यक सामान भेंट किया गया, ताकि वे अपने नए जीवन की शुरूआत आत्मनिर्भरता और सम्मान के साथ कर सकें। परिषद की इस पहल को समाज में व्यापक सराहना मिली और अतिथियों ने भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रखने का आह्वान किया। यह कार्यक्रम समाज सेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। इस अवसर पर अधिवक्ता ममता सरदाना, उषा मिड्ढा, उषा चौधरी, नीलम बंसल, रीटा गोयल, मीनू मुंजाल, सीवन शाखा के अध्यक्ष अशोक गोयल, वरिष्ठ सदस्य संगीत बंसल, अधिवक्ता सुरेंद्र सरदाना, नरेश आहूजा, खानपुर के पूर्व सरपंच रामनाथ सैनी, ललित चावला, केवल कृष्ण मिड्ढा, पूर्व चेयरपर्सन अनीता मुंजाल, नरेश मुंजाल, सचिव असीम शर्मा, स्कूल प्राचार्य सुदर्शन शर्मा, सीवन पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ .रामनिवास शर्मा, पूर्व प्रधान मोती राम जांगड़ा, मोहित गोयल, सतीश कुमार, ईश्वर गोल्डन, थाना प्रभारी कुलदीप सिंह, सुभाष गर्ग, रामपाल बंसल, रमेश बंसल, नरेश मिड्ढा सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग व परिषद के सदस्य उपस्थित थे।

# चौ. ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय में 7 दिवसीय एन.एस.एस. शिविर उत्साह के साथ हुआ संपन्न

## छात्राओं ने साईकिल रैली निकाल स्वच्छता अभियान के लिए ग्रामीणों को किया जागरूक

**हरियाणा वाटिका/विकास कुमार**
**कैथल, 16 फरवरी।** चौ. ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय ढांड डडवाना कैथल के प्राचार्या डॉ. संगीता शर्मा के मार्ग निर्देशन में 10 से 16 फरवरी तक चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) के 7 दिवसीय शिविर का समापन समारोह बड़े उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ। इस शिविर में छात्राओं ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर समाज सेवा और आत्मविश्वास का अनुभव प्राप्त किया। शिविर के दौरान छात्राओं ने प्रतिदिन योग अभ्यास किया व सलीमपुर मदुद गांव का दौरा कर एन.एस.एस. स्वयं सेविकाओं ने गांव में सफाई अभियान चलाया एवं मंदिर परिसर की सफाई की इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को जागरूक किया और



अन्य सेवा कार्यों में बढ़-चढकर भाग लिया लेने के लिए जागरूक किया। छात्राओं ने साईकिल रैली निकाल कर स्वच्छता अभियान के लिए गांव वालों को जागरूक किया। एन.एस.एस. स्वयं सेविकाओं द्वारा गांव वाले बच्चों के साथ मिलकर क्रिकेट खेल का आनंद लिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि के अतिथि के रूप में कॉलेज प्राचार्य डॉ. ए.पी. पृथी एसोसियेट प्रोफेसर गवर्नमेंट कॉलेज अंबाला कैंट द्वारा सामाजिक सेवा का महत्व विषय पर एक विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने सेवा भाव के महत्व को समझाते हुए छात्राओं को समाज कल्याण की दिशा में निरंतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए, जिसमें नृत्य, गीत, संगीत और लघु नाटिका शामिल रही। एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने अपने 7 दिवसीय शिविर के अनुभवों को साझा किया और बताया कि इस शिविर ने उनके व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम के अंत में मुख्यातिथि का एन.एस.एस. प्रभारी डॉ. मीना रानी व डॉ. कमलेश ने सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए एवं मुख्यातिथि का धन्यवाद किया एवं इन 7 दिनों में अपनी सेवा देने वाले विशेष कर महाविद्यालय की प्राचार्या जिनके मार्ग निर्देशन मे यह कार्यक्रम सम्पन्न हो पाया एवं एन.एस.एस. एडवाजरी कमेटी सदस्या डॉ. विनीता, डॉ. अनिता चौहान, डॉ. सुनीता गुप्ता डॉ. निशि तुली एवं अन्नु धुन्ना एवं महाविद्यालय के अन्य कार्यकत्ताओं का एवं सभी एन.एस.एस. छात्राओं, क्लर्क सुरेन्द्र व नसीब, सरोज, विशाल विनोद, पूनम का धन्यवाद किया।

# पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन के महामंडलेश्वर स्वामी दिनेशानंद जी महाराज पहुंचे भिवानी

## विभिन्न सामाजिक संगठनों ने महामंडलेश्वर स्वामी दिनेशानंद महाराज का किया अभिनंदन

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**भिवानी, 16 फरवरी।** पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन द्वारा नवनियुक्त भिवानी के पूर्व विधायक ब्रह्मलीन महामंडलेश्वर स्वामी भगवान देव परमहंस के शिष्य महंत स्वामी दिनेशानंद महाराज रविवार को स्थानीय हांसी गेट स्थित चित्रकूट सत्संग भवन में पहुंचे, जहां विभिन्न सामाजिक संगठनों ने उनका अभिनंदन किया। महामंडलेश्वर स्वामी दिनेशानंद महाराज के अभिनंदन समारोह में स्वामी सूयार्नंद सरस्वती, यज्ञ सम्राट श्रीश्री 1008 हरिओम जी महाराज, महंत राजनाथ, युगल किशोर महाराज, ब्रह्मकुमारी निर्मला बहन विशेष तौर पर पहुंचे। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर उपायुक्त महाबीर कौशिक ने शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों का स्वागत मुकेश रहेजा, डा. मुरलीधर शास्त्री व मदन शर्मा ने किया।



अभिनंदन समारोह बार एसोसिएशन भिवानी, पंजाबी सभा, मैडिकल एसोसिएशन, रामकुंज, जीयोगीता, श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर, ब्रह्मचारी आश्रम, ब्राह्मण सभा, भारत विकास परिषद, बजरंग दल, विश्व हिंदु परिषद, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, गौशाला ट्रस्ट, ब्राह्मण विकास परिषद, सांस्कृतिक मंच, समाजसेवी शिवरत्न गुप्ता, आदर्श कॉलेज, नवदुर्गा, पंजाबी जागृति मंच, संस्कार भारती, श्याम प्राचीन मंदिर, व्यापार मंडल, चाणक्य मंच भिवानी, विप्र फाउंडेशन जिला भिवानी, आदर्श ब्राह्मण महासभा भिवानी, लोकसेवा पंचायत समिति के प्रतिनिधियों ने महामंडलेश्वर स्वामी दिनेशानंद महाराज का अभिनंदन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त महाबीर कौशिक ने कहा कि महामंडलेश्वर किसी सन्यासी परंपरा में एक उच्च पदवी होती है, जो विशेष रूप से अखाड़ों में आध्यात्मिक, धार्मिक और संगठनात्मक नेतृत्व का प्रतीक होती है। उन्होंने कहा कि जब किसी संत या महात्मा को महामंडलेश्वर बनाया जाता है, तो यह ना केवल उनके आध्यात्मिक ज्ञान, तपस्या और समाज के प्रति योगदान की स्वीकृति होती है, बल्कि धर्म और संस्कृति के संरक्षण में उनकी भूमिका को भी रेखांकित करता है।

उपायुक्त महाबीर कौशिक ने कहा कि महामंडलेश्वर का अभिनंदन समारोह संत की उपलब्धियों और उनके योगदान को मान्यता देने का एक माध्यम होता है। ऐसे आयोजनों से समाज में धर्म और संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ती है।



# पके कटहल को करें डाईट में शामिल, दूर होंगी कई बीमारियां

गर्मियों के मौसम में कटहल हर कोई खाना पसंद करता है। इसमें फाइबर की भरपूर मात्रा पाई जाती है जो आपके अच्छे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही आवश्यक है। पके कटहल में प्रोटीन भी बहुत ही अधिक मात्रा में पाया जता है। इसके अलावा इसमें पाया जाने वाला पोटैशियम हृदय संबंधी समस्याओं को दूर रखने में मदद करता है। कटहल आपके लिवर के लिए भी बहुत ही फायदेमंद होता है। तो चलिए आपको बताते हैं कि पका कटहल खाने से आपकी सेहत को और कौन-कौन से फायदे हो सकते हैं.

## कटहल के पत्ते भी हैं फायदेमंद

कटहल ही नहीं बल्कि उसके पत्ते भी आपके अच्छे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद होते हैं। जिनके मुंह में छाले की समस्या होती है उन्हे कटहल के पत्ते को चबाना चाहिए। इससे उनकी मुंह के छालों में काफी आराम मिलेगा।

## दिल रहेगा स्वस्थ



पका हुआ कटहल आपके हृदय के लिए भी बहुत ही लाभकारी माना जाता है। इसमें पाया जाने वाला पोटैशियम ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करता है।

## पाचन मजबूत

गर्मियों में यदि आपको खाना नहीं पच पाता तो आप पके हुए कटहल को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। यह पाचन संबंधी समस्याओं को दूर करके आपका वजन सुधारने में भी मदद करता है।

## वजन होगा कम



पके हुए कटहल में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण भी पाए जाते हैं जो आपके शरीर में बढ़ते हुए मोटापे को रोकने में मदद करते हैं। इसका अलावा इसे रेसवेरास्ट्रॉल नाम के एंटीऑक्सीडेंट का भी बहुत ही अच्छा स्त्रोत माना जाता है। यह आपके रक्त के संचार को कंट्रोल करन में भी मदद करता है।

## इम्यूनिटी होगी स्ट्रांग

पके कटहल में विटामिन सी भी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। विटामिन-सी आपके शरीर में एक एंटीऑक्सीडेंट के रुप में कार्य करता है। इसका सेवन करने से आपकी इम्यूनिटी स्ट्रांग होती है। साथ ही यह आपके शरीर के लिए इम्यूनिटी बूस्टर की तरह काम करता है।

## लिवर रहता है स्वस्थ

पके कटहल का सेवन करने से आपका लिवर भी स्वस्थ रहता है। इसमें पाए जाने वाले पोषक तत्व आपके लिवर को मजबूत बनाते हैं। इसमें राइबोफ्लेविन, जिंक, कॉपर और नाइसिन जैसे तत्व पाए जाते हैं जो लिवर को मजबूत बनाने में मदद करते हैं।

# गठिया का रामबाण इलाज है कच्चे पपीते की चाय

उम्र बढ़ने के साथ-साथ या फिर कैल्शियम की कमी से हड्डियों से जुड़ी समस्याएं होना आम बात है। इन्हीं में से एक समस्या है गठिया की, जिससे कई लोग परेशान होते हैं। इसमें जोड़ों में दर्द, यूरिक एसिड के क्रिकेट का जोड़ों में जमा होना जैसी समस्याएं आती है। इससे बचने के लिए या फिर इलाज के लिए आप काफी कुछ आजमा चुके हैं और फिर भी कोई असर नहीं होता, तो इसका एक बेहतरीन घरेलू उपाय है हमारे पास। ये उपाय है कच्चे पपीते की चाय। जी हां, आपको जानकर हैरानी होगी कि पपीते की चाय का सेवन आपकी गठिया की समस्या समाप्त कर सकती है। मेडिकल साइंस की दुनिया में भी इस चाय का काफी महत्व है। पपीता शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा को घटाता है और इसमें सूजन को दूर करने वाले गुण होते हैं।

विधि - इस चाय को बनाने के लिए आपको चाहिए - पानी, कच्चा हरा पपीता, ग्रीन टी बैग या ग्रीन टी की पत्तियां। अब चाय बनाने के लिए सबसे पहले एक बर्तन में पानी लेकर उसमें कच्चे पपीते के टुकड़े डाल दें और इसे आंच पर रख दें। जब यह उबलने लगे, तो आंच बंद करके इसे थोड़ा ठंडा होने के लिए रख दें। इस इसे छान लें और इसमें ग्रीन टी डालकर लगभग 3 मिनट के लिए छोड़ दें। अब यह चाय पीने के लिए तैयार है, इसे गर्मागर्म या गुनगुनी ही पिएं।

जानिए पपीते की इस चाय के फायदे -

- गठिया की समस्या में फायदेमंद।
- शारीरिक सूजन कम करने में मददगार।
- ब्लड प्लेटलेट्स की संख्या बढ़ाने में मददगार।
- शरीर के अवांछित तत्वों को बाहर कर आंतरिक सफाई में मददगार।



# बीपी-शुगर में रामबाण है ब्लैक राइस



**आपने आज तक सफेद या ब्राउन चावल के बारे में सुना होगा। लेकिन क्या आपने काले चावल के लाभ के बारे में सुना है। अगर नहीं तो चलिए आज हम आपको बताते हैं काले चावल के बेमिसाल फायदे।**

हमारे देश में चावल का सेवन सदियों से किया जा रहा है। बिरयानी से लेकर डोसा और इडली तक चावलों से ना जाने कितने ही व्यंजनों को तैयार किया जाता है। आज से कुछ समय पहले तक ज्यादातर लोगों को केवल सफेद चावल के बारे में ही जानकारी थी। लेकिन अब लोग चावल की अलग-अलग किस्मों को ना केवल जान रहे हैं बल्कि इनका सेवन भी कर रहे हैं। ऐसे में आप काले चावल को ही ले लीजिए। दरअसल काले चावल ओरीजा सैटिवा प्रजाति से आते हैं। प्राचीन काल में चीन के अंदर इन काले चावल के पोषक तत्वों को देखते हुए इसे रॉयल्टी में शामिल किया गया था। आपको बता दें कि काले चावल के अंदर कई तरह के एंटीऑक्सीडेंट गुण और अन्य पोषक तत्व होते हैं जो आपको जिंदगी भर सेहतमंद रख सकते हैं। आज इन काले चावलों के जरिए विश्व भर में तरह-तरह की खाद्य सामग्री तैयार की जाती है। जिनका लुत्फ आप भी उठा सकते हैं। लेकिन इससे पहले जरा काले चावल के फायदे जानिए।

## आयरन और प्रोटीन का खजाना

अगर आप अपनी रोजाना की डाइट में प्रोटीन की मात्रा बढ़ाना चाहते हैं, तो आप काले चावल का सेवन कर सकते हैं। आपको बता दें कि 10 ग्राम ब्लैक राइस में लगभग 9 ग्राम प्रोटीन होती है, जो ब्राउन राइस के मुकाबले कहीं अधिक है। यही नहीं इसमें आयरन भी मौजूद होता है जो शरीर में ऑक्सीजन पहुंचाने के लिए बेहद जरूरी है। इसके अलावा इसमें कुछ अन्य पोषक तत्व हैं जो कुछ इस प्रकार हैं।

## 45 ग्राम चावल में पोषक तत्व की मात्रा

कैलोरी - 160
फैट - 1.5 ग्राम
प्रोटीन - 4 ग्राम
कार्ब्स - 34 ग्राम
फाइबर - रोजाना की जरूरत का 6 प्रतिशत

## इसके 23 एंटीऑक्सीडेंट हृदय रोग और अल्जाइमर से बचाते हैं

आज तक आपने ऐसी बहुत सी खाद्य सामग्रियों का सेवन किया होगा जिनमें एक, दो या पांच एंटीऑक्सीडेंट होंगे। लेकिन ब्लैक राइस में एक या दो नहीं बल्कि पूरे 23 एंटी ऑक्सीडेंट तत्व पाए जाते हैं। यह एंटीऑक्सीडेंट गुण आपको ऑक्सीडेटिव तनाव से राहत दिलाते हैं। ज्ञात हो कि ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस की वजह से कैंसर, हृदय रोग और अल्जाइमर जैसी समस्या पैदा होती है। आप इन सभी समस्याओं से ब्लैक राइस की वजह से बचे रह सकते हैं। यही नहीं इसके अंदर कई तरह के फ्लेवोनोइड्स और कैरोटीनॉयड होते हैं। यह भी आपको सेहतमंद बनाए रखने में मदद करते हैं। इस लिहाज से आप ब्लैक राइस को अपनी डाइट में जरूर शामिल करें।

## हृदय के लिए फायदेमंद

अब तक ब्लैक राइस को लेकर कई शोध हो चुके हैं जो हृदय रोगों से बचाने के दावे कर रहे हैं। हालांकि यह अध्ययन अभी उतने अधिक नहीं हुए हैं। आपको बता दें कि ब्लैक राइस को लेकर जानवरों और इंसानों पर कई शोध हुए हैं जिनमें एंथोसायनिन की भूमिका को जांचा गया है। इसके सेवन से कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड के स्तर में सुधार देखा गया है। अध्ययनों को देखकर लगता है कि यह हृदय के लिए फायदेमंद है। लेकिन अभी इस पर कुछ और अध्ययनों की आवश्यकता भी है।

## कैंसर से बचाए

ब्लैक राइस को लेकर हुए कई अध्ययनों में ऐसा पाया गया है कि जो लोग अधिक मात्रा में एंथोसायनिन का सेवन करते हैं उन्हें कोलोरेक्टल कैंसर होने का खतरा कम होता है। इसके अलावा हुए टेस्ट ट्यूब अध्ययन में पया गया कि काले चावल में मौजूद एंथोसायनिन ने महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर की कोशिका को कम कर दिया। साथ कैंसर के फैलने की गति को भी धीमा कर दिया। इन अध्ययनों में भले ही अब तक अच्छे प्रमाण हासिल हुए हों। लेकिन अभी इस पर अन्य अध्ययन की आवश्यकता है।

## आंखों के लिए फायदेमंद

ब्लैक चावल के अंदर जेक्सैन्थिन और ल्यूटिन मौजूद होता है जो दो प्रकार की कैरोटीनॉयड यह आंखों को स्वस्थ रखने में कारगर सिद्ध हो सकते हैं। आपको बता दें कि यह यौगिक आपकी आंखों को नुकसान पहुंचाने वाले हानिकारक मुक्त कणों से राहत दिला सकते हैं। साथ ही ब्लैक राइस के अंदर मौजूद इन गुणों पर जब अध्ययन किए गए तो इसमें पाया गया कि यह मोतियाबिंद जैसी समस्या से भी राहत दिला सकते हैं जो एक उम्र के बाद लोगों को होने लगती है। हालांकि इस पर अभी अध्ययन केवल चूहों पर ही किया गया है इंसानों पर नहीं।

## वजन घटाने में असरदार

अगर आप वजन घटाना चाहते है तो आप ब्लैक राइस का सेवन कर सकते हैं। आपको बता दें कि ब्लैक राइस के अंदर मौजूद प्रोटीन और फाइबर आपका पेट भी लंबे समय तक भरा रख सकते हैं और आपका वजन घटाने में कारगर सिद्ध हो सकते हैं। इसके अलावा एंथोसायनिन को भी वजन घटाने में कई अध्ययनों में कारगर माना गया है। हालांकि यह रिसर्च अभी तक इंसानों पर नहीं हुई हैं। इसलिए इस पर अभी और अध्ययन बाकी हैं।

## ग्लूटेन फ्री है ब्लैक राइस

आप शायद जानते ही होंगे कि ग्लूटेन फ्री एक तरह का प्रोटीन होता है जो कई तरह के अनाज में पाया जाता है जैसे गेहूं, जौ और राई आदि। ऐसे लोग सीलिएक रोग से पीड़ित लोगों को इस प्रोटीन से बचना होता है क्योंकि यह उनकी आंत को नुकसान पहुंचा सकता है। ऐसे में अगर आप सीलिएक रोग से पीड़ित हैं तो आप ब्लैक राइस का लुत्फ ले सकते हैं, क्योंकि यह आपकी स्थिति को बिगाड़ेगा नहीं।



# इन कामों को करने वाले सबसे ज्यादा झेलते हैं साइटिका का दर्द

क्या आपको अक्सर कमर से लेकर पैरों तक तेज दर्द या जलन महसूस होती है, तो यह साइटिका या साइटिका की समस्या हो सकती है। आइए जानते हैं साइटिका के होने की वजह और इसके उपाय एवं इलाज के बारे में।

मानव शरीर के अंदर करीब 206 हड्डियां होती हैं। इनमें से अगर किसी में भी जरा दिक्कत शुरू हो जाए तो उसका असर पूरे शरीर पर पड़ता है। साथ ही आप एक भंयकर और जानलेवा दर्द से गुजरने लगते हैं। ऐसा ही कुछ होता है साइटिक नर्व में। इस स्थिति से जूझने वाले व्यक्ति को कमर से लेकर कूल्हों और पैरों तक बहुत तेज दर्द, जलन, और सुन्न होने की समस्या होने लगती है। इस स्थिति में दरअसल साइटिका के जरिए ही आप अपने पैरों को नियंत्रित कर पाते हैं और पैरों को महसूस इसकी वजह से होता है। साइटिका के उपचार या उपाय का तरीका जानने से पहले जरूरी है कि आप इस दर्द को सही प्रकार समझ लें। ऐसे में साइटिका दर्द की समस्या के कारण और उपचार के तरीकों और जटिलताओं के बारे में बता रहे हैं पेन स्पेशलिस्ट।

## क्या है साइटिका का दर्द

साइटिका नर्व आपकी रीढ़ की हड्डी से शुरू होकर आपके कूल्हों से लेकर आपके पैरों तक जाती है। यह मानव शरीर की सबसे महत्वपूर्ण तंत्रिकाओं में से एक है। आमतौर पर यह दर्द लोगों को 30 साल के बाद ही होता है। यूं तो साइटिका पेन एक अस्थाई दर्द ही है जो खुद भी ठीक हो जाता है और इसके लिए दवा और कुछ उपायों की आवश्यकता भी हो सकती है। साइटिका नर्व में हुई समस्या से जूझ रहे मरीजों को कमर दर्द, पैरों में सुन्नपन आ जाना या दर्द अनुभव होता है। साइटिका को कटिस्नायुशूल के नाम से भी जाना जाता है। आइए जानते हैं इस दर्द की वजह या कारणों के बारे में।

## किस वजह से होता है साइटिका

साइटिका की समस्या के पैदा होने की यूं तो कई वजह होती हैं। लेकिन डॉक्टर अमोद बताते हैं कि इस दर्द की मुख्य वजह स्लिप डिस्क होती है। आपको बता दें कि हमारी रीढ़ की हड्डी में बहुत सी हड्डियां होती हैं और इसके आगे एक डिस्क होती है, जिसे आप किसी कुशन की तरह समझ सकते हैं। इसकी वजह से हम आसानी से कमर को मोड़ सकते हैं। लेकिन जब यह डिस्क अपनी जगह से हिल जाती हैं तो इसके पीछे निकलने वाली नसों पर दबाव पड़ने लगता है। अब यह नस जहां तक जाती हैं वहां तक साइटिका का दर्द हो सकता है। लेकिन ऐसा नहीं है कि साइटिका के दर्द का केवल यही कारण है। इसकी कई वजह हो सकती हैं जो कुछ इस प्रकार हैं।

- धूम्रपान-खराब लाइफस्टाइल बनते हैं साइटिका का कारण
- अगर हड्डियों की एलाइनमेंट खराब हो तो भी साइटिका पेन हो सकता है।
- उम्र के साथ बॉडी पॉश्चर में बदलाव आता है जिसकी वजह से भी यह समस्या हो सकती है।
- अगर कोई व्यक्ति अधिक वजन उठाने के कार्य करता है तो भी यह स्थिति उत्पन्न हो सकती है।
- खराब जीवन शैली भी साइटिका पेन की वजह बन सकता है।
- ऐसे लोग जिनका वजन अधिक है उन्हें भी साइटिका का दर्द हो सकता है।
- अधिक धूम्रपान करने वाले लोगों को भी साइटिका का दर्द हो सकता है।

## साइटिका का परीक्षण कैसे

आमतौर पर लोगों को लगता है कि साइटिका की स्थिति के बारे में जानने के लिए उन्हें एक्सरे कराना होगा। जबकि ऐसा बिल्कुल नहीं है। एक्सरे दूसरी कई समस्या में काम आ सकता है। लेकिन साइटिका के बारे में सही जानकारी प्राप्त करने के लिए आपको MRI ही करवाना होता है।

## साइटिका से जुड़े भ्रम और सच

साइटिका के दर्द को लेकर राहत की बात यह है कि यह तीन महीने के अंदर-अंदर ठीक भी हो सकती है। हालांकि कुछ लोगों को ऐसा लगता है कि साइटिका की स्थिति में केवल सर्जरी ही एक विकल्प होता है। जबकि ऐसा बिल्कुल नहीं है क्योंकि इस स्थिति में महज 1 प्रतिशत लोगों को ही सर्जरी की जरूरत पड़ती है। बाकि अन्य साधारण उपाय से भी ठीक हो जाते हैं।

### साइटिका का उपचार का तरीका

साइटिका के दर्द से राहत दिलाने और इसे हील करने के लिए डॉक्टर आपको कई तरह की पेन किलर दवाओं का सेवन करने की सलाह दे सकते हैं। इन दवाओं से आपको काफी हद तक आराम मिल सकता है। पेन किलर दवाओं का असर ना होने पर कई मामलों में डॉक्टर साइटिका की समस्या में आपके उसी हिस्से पर इंजेक्शन लगाते हैं जहां दर्द हो। इलाज की इस प्रक्रिया से जल्दी ही दर्द से राहत मिलने लगती है। वहीं अगर इनमें से कोई भी उपाय काम नहीं करता तो डॉक्टर आपको सर्जरी कराने का विकल्प देते हैं।

### कैसे ठीक होता है साइटिका

अगर आपको साइटिका की समस्या है तो डॉक्टर आपको वजन घटाने, धूम्रपान छोड़ने, और एक सही जीवन शैली का पालन करने की सलाह दे सकते हैं। डॉक्टर अमोद कहते हैं कि इस समस्या में सर्जरी का विकल्प सबसे आखिरी होता है। वहीं दवाओं और इंजेक्शन के माध्यम से सर्जरी को टाला जा सकता है। जबकि कई मामलों में यह स्थिति खुद भी ठीक हो जाती है।



# चीनी खाने से कैसे बढ़ता है आपका वजन?



**चीनी का इस्तेमाल हर घर में होता है। चाय, कॉफी और मिठाईयों के अलावा रोजमर्रा की ऐसी कई चीजें हैं, जिनमें शुगर की मात्रा बहुत ज्यादा होती हैं। ऐसे में चीनी का सेवन कम से कम करना चाहिए क्योंकि चीनी का सेवन ज्यादा करने से आपका वजन तेजी से बढ़ता है। आइए, जानते हैं कि चीनी कैसे बढ़ाती है आपका वजन-**

## फ्रक्टोज इंसुलिन प्रतिरोध का कारण बनता है

चीनी का अधिक मात्रा में सेवन करना आपके ब्लड में इन्सुलिन के स्तर को बढ़ा देता है, जो आपके खाद्य पदार्थो से एनर्जी को कम करता है और उसे फैट सेल्स में परिवर्तित करता है और जब शरीर में फैट की मात्रा अधिक हो जाती है, जो आपका शरीर आपके मष्तिष्क को भूख लगने का संकेत पहुंचाता है।

## फ्रक्टोज लेप्टीन नामक हार्मोन के प्रतिरोध का कारण

फ्रक्टोज लेप्टिन नामक हार्मोन के प्रभाव से वजन बढ़ने की समस्या होती है। लेप्टीन वसा कोशिकाओं द्वारा उत्पादित होता है। वसा कोशिका जितनी बड़ी होगी, उतना अधिक लेप्टिन का उत्पादन होगा। इस वजह से शरीर में अधिक वसा जमा हो जाती है और साथ ही वजन भी बढ़ता है।

## फ्रक्टोज ग्लूकोज की तरह काम नहीं करता

ग्लूकोज आपके पेट को लंबे समय तक भरा रखता है, लेकिन फ्रक्टोज के सेवन से ऐसा कुछ महसूस नहीं होता है, बल्कि फ्रक्टोज के सेवन से आपको अधिक भूख महसूस होती है और इस वजह से आप कैलोरी और फैट का सेवन अधिक मात्रा में करते हैं।

## फ्रक्टोज आपकी भूख को बढ़ाता है

फ्रक्टोज आपके हंगर हॉर्मोन को नियंत्रित करने में मदद नहीं करता है और इस वजह से खाने के बाद भी आपको अधिक भूख लगती है। ऐसे में कैलोरी का सेवन करते हैं जो आपके शरीर में एक्सट्रा फैट को बढ़ाता है जिसकी वजह से आपका वजन भी बढ़ता है।

सम्पादक, स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक नेहा वालिया द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस, बी-868, न्यू अशोक नगर, दिल्ली-110096 से मुद्रित एवं वालिया सदन वार्ड संख्या 10, लोहारू, भिवानी (हरियाणा) 127201 से प्रकाशित। समाचार पत्र में प्रकाशित सभी समाचारों के लिए पीआरबी एट के तहत उत्तरदायी। फोन:01252-259260, 9255149495, ईमेलः haryanavatika@gmail.com हरियाणा वाटिका:- प्रेरणास्त्रोत- स्व. डॉ. एल सी वालिया, समूह संपादक एवं संरक्षक- श्रीमति सरला वालिया, संपादक- श्रीमति नेहा वालिया, कार्यकारी संपादक- श्रीमति रितू वालिया। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लोहारू (भिवानी) होगा।